हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, बुधवार, 16 जुलाई, 2025

तापमान
अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 26 डिग्री

12 8वीं बोर्ड और छठवीं की किताबें नहीं पौंची में गणित व पर्यावरण ही मिला



13 ट्रिपल इंजन की सरकार में नहीं मिल रहा स्वास्थ्य सुविधा का लाभ






## अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रशिक्षण द्वारा 10th / 12th / स्नातक छात्राओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कमर्चारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते हैं, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धता है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कागो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपूर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 पद फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे हैं संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यर्थियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) छात्र-छात्राओं संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। **अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: मो. 7697212782 पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक - गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)** Advt.

इच्छुक छात्र आवेदन करें
फायर सेफ्टी के कोर्स
1. एक वर्ष फायर सेफ्टी
2. एक वर्षीय इंडस्ट्रियल सेफ्टी
3. बी.एस.सी फायर सेफ्टी
4. सेनेटरी हेल्थ इंस्पेक्टर
5. एडवांस्ड डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी (ADIS)
6. पोस्ट डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी (PDIS)
7. सर्टिफिकेट कोर्स फायर एवं सेफ्टी





छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.admissions.nic.in
बी.एम. आई.टी.आई.
कोपा
इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि-18/07/25


### यूट्यूब से पढ़ाई करने मजबूर हैं मेडिकल विद्यार्थी, अब तक नहीं हुई भर्ती

# सीएम मेडिकल कॉलेज में 15 प्रोफेसर नहीं केवल सात के भरोसे हैं 600 भावी डॉक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| देवीलाल साहू

शासकीय चंदूलाल चंद्राकर मेमोरियल मेडिकल कॉलेज को खुले तीन साल हो गए हैं। अध्ययनरत 600 भावी डॉक्टरों को मेडिकल की पढ़ाई करवाने के लिए अब तक प्रोफेसरों का टोटा है। इस मेडिकल कॉलेज के लिए सरकार ने 22 प्रोफेसर पदों की स्वीकृति दी है लेकिन केवल 7 प्रोफेसरों के भरोसे पढ़ाई हो रही है। यानी कि 15 प्रोफेसर ही नहीं है। इस स्थिति में मेडिकल स्टूडेंट्स कैसे डॉक्टर के रूप में तैयार होंगे इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। भावी डॉक्टरों को इस कॉलेज में कई तरह की समस्याओं से जूझना पड़ रहा है।



#### तीन बैच के मेडिकल स्टूडेंट्स यू-ट्यूब पर निर्भर

चंदूलाल चंद्राकर मेमोरियल शासकीय मेडिकल कॉलेज पहले एक निजी कॉलेज था। तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कांग्रेस शासनकाल में इस मेडिकल कॉलेज का अधिग्रहण 150 करोड़ रुपए से हुआ। उसके बाद अधिग्रहण की रकम को लेकर खींचतान चला। नेशनल मेडिकल कमीशन ने वर्ष 2022 में यहां प्रवेश की अनुमति दी। वर्ष 2022-23 में पहला बैच 200 मेडिकल स्टूडेंट्स से शुरू हुआ। दूसरा बैच वर्ष 2023-24 में 200 का और तीसरा बैच वर्ष 2024-25 का 200 स्टूडेंट्स का चल रहा है। इस तरह कुल 600 मेडिकल स्टूडेंट्स मेडिकल की पढ़ाई कर रहे हैं। स्टूडेंट्स बताते हैं कि प्रोफेसर की इतनी कमी है कि यू-ट्यूब के सहारे मेडिकल की पढ़ाई करनी पड़ रही है।

#### आपत्ति के बाद भी चल रहा है बीएससी नर्सिंग

मेडिकल कॉलेज परिसर में ही शासकीय बीएससी नर्सिंग का कोर्स चल रहा है। वर्ष 2022 में जब जिला अस्पताल परिसर के भीतर संचालित भवन जर्जर हो गई तो उसे यहां शिफ्ट कर दिया गया। मेडिकल कॉलेज को मान्यता देने वाली नेशनल मेडिकल कमीशन की टीम ने बीएससी नर्सिंग कोर्स संचालन पर आपत्ति ली है। टीम ने कहा है कि नियम के हिसाब से किसी भी मेडिकल कॉलेज परिसर में दूसरा कोई कोर्स संचालित नहीं किया जा सकता। उसके बाद भी बीएससी नर्सिंग का संचालन बंद नहीं किया गया है।

#### कॉलेज के सामने नाला बनी मुसीबत

मेडिकल स्टूडेंट्स के लिए दो हॉस्टल सुविधा यहां है। एक हॉस्टल में गर्ल्स और दूसरे में ब्वायंस रहते हैं। कॉलेज के सामने ही आवाजाही के लिए नाला से गुजरना पड़ता है। नाले में पूरे भिलाई की तरफ से निकासी पानी आता है। बारिश के दिनों में यह नाला इतना फुल हो जा रहा है कि निकासी पानी सीधे मेडिकल कालेज परिसर में घुस जाता है। जिससे आवागमन में दिक्कतें आती है।

#### परिसर में 750 बिस्तर का सरकारी अस्पताल, प्रेक्टिकल करने मरीजों का भी टोटा

मेडिकल स्टूडेंट्स की प्रेक्टिकल करने के लिए इस परिसर में 750 बिस्तर का सरकारी अस्पताल जरूर है लेकिन यहां भर्ती मरीजों की बेहद कमी है। केवल मोतियाबिंद , हार्निया, डायबिटीग फूड और गिनती के डिलीवरी केस ही यहां आते हैं। सूत्रों के मुताबिक इस हॉस्पिटल में रोजाना 2 या 3 डिलीवरी हो पाती है। इसी तरह अन्य बीमारियों की सर्जरी नहीं हो पाती। केवल मोतियाबिंद के ही मरीज ही सबसे ज्यादा आते हैं। इसका असर मेडिकल स्टूडेंट्सों के प्रेक्टिकल पर पड़ रहा।

#### बेहतर करने की लगातार कर रहे कोशिश

"हमारे पास जितने संसाधन और मेन पावर हैं उसके हिसाब से जितना बेहतर हो सके इसकी कोशिश हो रही है। जो भी कमी है उसके लिए हमने प्रस्ताव भेज दिया है।

\- डॉ. तृप्ति नागरिया, डीन मेडिकल कॉलेज

## वित्तीय अनियमितता और मनी लॉन्ड्रिंग के संदेह पर ईडी का छापा

### होटल कारोबारी और अग्रवाल समाज के पूर्व अध्यक्ष विजय अग्रवाल के खिलाफ जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

ईडी की टीम ने मंगलवार तड़के सुबह करीब 6 बजे शहर के प्रतिष्ठित होटल कारोबारी और अग्रवाल समाज के पूर्व अध्यक्ष विजय अग्रवाल के दीपक नगर स्थित मकान और दफ्तर में दबिश दी।

■ 12 घंटे से ज्यादा समय तक ईडी की टीम करती रही जांच

विजय अग्रवाल स्टेशन रोड दुर्ग स्थित सागर इंटरनेशनल के मालिक हैं। ईडी की अचानक हुई जांच के बाद पूरे व्यापारी सकते में हैं। ईडी सूत्रों की मानें तो टीम में 6 सदस्य हैं। इसके अलावा सीआरपीएफ का सुरक्षा घेरा मौके पर मौजूद है। 12 घंटे से ज्यादा समय से जांच की जा रही है। इस दौरान 70 लाख रुपए से ज्यादा कैश मिलने की खबर है।



साथ ही जानकारी मिली है कि वित्तीय अनियमितता और मनी लॉन्ड्रिंग के संदेह पर यह दबिश दी गई है। ईडी सूत्रों की मानें तो विजय अग्रवाल बड़े राजनीतिक व्यक्ति और उच्च प्रशासनिक अफसरों के संपर्क में थे, उनके लिए लाइजनिंग भी कर रहे थे। उनके साथ पप्पू बंसल और विजय भाटिया का कनेक्शन भी खंगाला जा रहा है। बहरहाल ईडी ने जांच को लेकर पूरे मामले का खुलासा नहीं किया है। ईडी की जांच रात साढ़े 8 बजे तक जारी रही।

#### इनोवा में पहुंची जांच टीम

जानकारी के मुताबिक सुबह करीब 6 बजे ईडी की टीम ने विजय अग्रवाल के घर पर दबिश दी। इस दौरान गेट पर सुरक्षा गार्ड ने उन्हें रोका। 15 मिनट तक पूछताछ और पहचान बताने के बाद विजय अग्रवाल को खबर दी। इसके बाद ईडी की टीम को घर में प्रवेश दिया गया। इसके बाद ईडी के अधिकारियों ने पूरे घर को सील कर दिया। बाहर से आवाजाही पर रोक लगा दी। विजय अग्रवाल सहित उनके परिवार के सदस्यों को फोन ले लिए। ईडी से अनुमति के बाद ही फोन लगाने दिया गया। खबर है कि उनके सीए को भी बुलाया गया। घर में दस्तावेजों की जांच की गई। सोने-चांदी के जेवरात और कैश मिलने की खबर है।

#### आरके अग्रवाल एंड संस के नाम से शुरू किया था कारोबार

विजय अग्रवाल दुर्ग सहित पूरे प्रदेश में प्रसिद्ध कारोबारी रहे हैं। उन्होंने और उनके दो भाइयों शरन अग्रवाल और अरुण अग्रवाल ने आरके अग्रवाल एंड संस के नाम से कैटरिंग का व्यापार शुरू किया था। इसके जरिए तीनों भाइयों ने करोड़ों रुपए कमाए। यह फर्म रेलवे में खाने की सप्लाई के साथ स्टॉल काउंटर का ठेका लिया करती थी। साथ ही यात्री ट्रेनों में खाने की सप्लाई किया करती थी। बाद में उनकी मां और भाई अरुण के निधन के बाद फर्म का नाम बदल दिया गया। वर्तमान में रेलवे के कारोबार से दोनों भाइयों ने लगभग किनारा कर लिया है। शरण अग्रवाल और उनके बेटे द्वारा ही इस काम की देखरेख की जा रही है। वहीं विजय अग्रवाल होटल के कारोबार में सक्रिय हैं।

#### 2015 में सीबीआई ने पकड़ी थी रेल नीर की अनियमितता

बताया जाता है कि 2015 में सीबीआई ने रेल नीर घोटाले में जांच की थी। इसके बाद शरन अग्रवाल को गिरफ्तार भी किया गया था। उस समय भी शरन अग्रवाल के दिल्ली स्थित घर से करीब 27 करोड़ रुपए नकद मिला था। पहले तीन भाई मिलकर अपनी मां आरके अग्रवाल एंड संस के नाम पर कैटरिंग का बिजनेस है। इस दौरान स्टेशनों के स्टॉल लेने से लेकर खाने-पीने और अन्य सामानों की सप्लाई किया करते थे। रेलवे नीर बॉटलिंग में अनियमितता के मामले में उनके खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई थी। एक बार फिर दोनों भाई ईडी के शिकंजे में हैं।

## खबर संक्षेप

### भाई पर हमला करने वाला पुलिस गिरफ्त में



**भिलाई।** पुरानी रंजिश के चलते अपने चचेरे भाई को तलवारनुमा हथियार से प्राणघातक हमला करने के मामले में पुलिस ने फरार आरोपी को पकड़ लिया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि ग्राम झीठ निवासी हुसैन मोहम्मद डॉयल 112 में कॉल कर सूचना दिया कि बेटा इकबाल मोहम्मद अपनी पान दुकान में बैठा था। तभी उसका चचेरा भाई आरोपी अनीस उर्फ हनीफ मोहम्मद बाइक से पहुंचा। इकबाल से अपनी पत्नि के साथ हुए विवाद के चलते आरोपी की पत्नि उसका घर छोड़कर चली गई थी। इकबाल ने अनीस की पत्नि को उसके पिता से फोन पर बात कराया था। इससे नाराज होकर आरोपी अनीस ने इकबाल पर जान से मारने की फिराक में था। आरोपी अनीस उर्फ हनीफ को मौका मिलते ही मोहम्मद इकबाल को देखगाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर आरोपी अनीस से तलवार से पीछे में सिर पर हमला कर जान से मारने का प्रयास किया। हमला से इकबाल बेहोश होर गिर पड़ा। उसे गंभीर अवस्था में सीएचसी झींठ में उपचार के लिए दाखिल कराया गया। झींठ से इकबाल को मेकाहारा रायपुर रेफर किया गया। जहां उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है।

### कुत्ते से टकराकर बाइक सवार नाली में गिरा, मौत

**भिलाई।** कुत्ते से टकराकर बाइक सवार किशोर नाली में गिरने से उसकी मौत हो गई है। घटना पांच रास्ता सुपेला का है। सुपेला पुलिस ने बताया कि बाइक से किशोर रौनक दुबे अपने दोस्त को बिठाकर बीती रात घर शंकर पारा से श्रीराम चौक की ओर जा रहा था। तभी तेज रफ्तार बाइक पांच रास्ता रोड पर आवारा कुत्ते से टकरा गई। इस दौरान रौनक नाली में गिरकर घायल हो गया। उपचार के दौरान अस्पताल में उसकी मौत हो गई।

## प्रेमी ही निकला हत्यारा शादी करने का था दबाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नंदिनी-अहिवार

नंदिनी टाउनशिप के झोपड़ पट्टी में खून से सनी लाश मिलने के मामले में पुलिस ने उसके प्रेमी को गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ अपराध कायम किया।



■ टाउनशिप के झोपड़ी में मिली थी महिला की लाश, नंदिनी क्षेत्र की है घटना

एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि 13 जुलाई की सुबह टाउनशिप मार्केट नंदिनी में ग्राम हरदी निवासी कुंवरिया बाई उर्फ चिंया 45 वर्ष की लाश पड़ी मिली। महिला के शरीर के विभिन्न जगह पर चोट के निशान मिले थे। सूचने पर पुलिस पहुंचकर जांच में लिया। पुलिस ने जांच में पाया कि मृतका के यहां कुंवरिया बाई के झोपड़ पट्टी में अहिवारा नंदिनि नगर निवासी दीपक कुमार तोडसे का आना जाना था। दीपक का मृतका के साथ प्रेम सबंध होना पाया गया। मृतिका द्वारा लगातार शादी करने के लिए दीपक पर दवाब बना रही थी। दीपक कुमार तोडसे परेशान होकर 12 जुलाई की रात 9 मृतिका के घरपहुंचा। दोनों के बीच शादी की बात को लेकर जमकर विवाद हुआ। दीपक आक्रोशित होकर कुंवरिया का गला दबा कर हत्या कर मौके से फरार हो गया था। आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस ने त्रिनयन ऐप, सायबर टीम, टावर डम्प समेत सीसी कैमरा के फूटेज को खंगाला गया। इसके बाद नंदिनी पुलिस आरोपी तक पहुंच पाई।

## ताइक्वांडो प्रतियोगिता में खेल के दौरान हुई जमकर मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

ब्लाक स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में जमकर मारपीट होने का मामला सामने आया है। घटना वैशाली नगर थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के मुताबिक वैशाली नगर स्थित कन्या शाला में ताइक्वांडो प्रतियोगिता हो रहा था। इस दौरान प्राइवेट एकेडमी से जुड़े खिलाड़ियों और कोचों ने रेफरी के फैसले पर आपत्ति जताई। जिसके बाद कोच और खिलाड़ियों के बीच जमकर मारपीट हो गई। मामला थाना पहुंचा, प्रतियोगिता में मुकाबले के निर्णय से नाराज कुछ बालिका खिलाड़ी मैट पर ही बैठ गईं। तब खेल को रोक दिया। एकेडमी के कोच और खिलाड़ियों ने सामूहिक रूप से इसका विरोध दर्ज कराया। आयोजन समिति ने नियमों के तहत प्रोटेस्ट स्वीकार कर निराकरण का भरोसा दिया। लेकिन विरोध कर रहे कोच ने खेल के दौरान हंगामा शुरू कर दिया। तब तक वैशाली नगर पुलिस नहीं पहुंची थी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक कोच और उनके साथ



पहुंचे कुछ खिलाड़ियों ने मैच स्थल पर गाली-गलौज, हाथापाई शुरू कर दिया। आयोजन समिति इसकी खबर पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने पहले दोनों पक्षों को समझाने की कोशिश की, मगर जब खिलाड़ी नहीं माने तो उन्हें थाने लेकर गए। वैशाली नगर पुलिस के मुताबिक टीचर्स की ओर से मौखिक रूप से सूचना मिली थी, लेकिन अब तक कोई लिखित शिकायत नहीं मिली है। घटना के बाद पूरे आयोजन में जमकर अफरा-तफरी मच गई थी, लेकिन शाम होते-होते जिला शिक्षा विभाग के अफसरों की मध्यस्थता में दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया।

## मैनेजमेंट गुरु एन. रघुरामन स्टूडेंट्स को सिखाएंगे प्रबंधन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

देश के प्रसिद्ध मैनेजमेंट गुरु और लेखक एन. रघुरामन अब भिलाई की रूंगटा इंटरनेशनल स्किल्स यूनिवर्सिटी में बीबीए और एमबीए के स्टूडेंट्स को प्रबंधन की बारीकियां सिखाएंगे। आम तौर पर रघुरामन आईआईएम और मैनेजमेंट के टॉप कॉलेजों में जाकर विशेष सेशन लेते हैं, लेकिन रूंगटा यूनिवर्सिटी में वे बीबीए और एमबीए स्टूडेंट्स के साथ भी सीधे जुड़ जाएंगे। रूंगटा यूनिवर्सिटी के विशेष कोर्स में शामिल बीबीए ग्लोबल और बीबीए बिजनेस एनालिटिक्स में वे रियल वर्ल्ड प्रॉब्लम और उसका सॉल्यूशन समझाएंगे। इसके अलावा बीकॉम के नए कोर्स बैंकिंग एंड इंश्योरेंस फाइनेंशियल मैनेजमेंट के स्टूडेंट्स भी उनसे पढ़ेंगे। बता दें कि एन. रघुरामन आम जिंदगी की छोटी-छोटी घटनाओं को जोड़कर, उनसे गहरे मैनेजमेंट के सिद्धांत निकालने की कला में माहिर हैं। उनका लेखन सरल, प्रभावशाली और प्रेरणादायक होता है, जो किसी भी उम्र और क्षेत्र के व्यक्ति को जीवन की दिशा समझा सकता है। रूंगटा यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति संतोष रूंगटा ने बताया कि रघुरामन के साथ यह सहभागिता एक तरह से यूनिवर्सिटी के लिए थॉट लीडरशिप इनिशिएटिव का हिस्सा है, जिसके तहत स्टूडेंट्स को देश के प्रतिष्ठित विशेषज्ञों से मार्गदर्शन मिलेगा।



■ यूनिवर्सिटी से जुड़कर महीने में 8 से 10 लेंगे ऑनलाइन और ऑफलाइन क्लास


पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301


26 जुलाई से नए कोर्स | इसी शिक्षा सत्र से प्रारंभ करने शासन ने दी अनुमति

## साइंस कॉलेज में दो नये पाठ्यक्रम, एमएससी कम्प्यूटर साइंस और एमए मनोविज्ञान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

शासकीय विश्वनाथ तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग में इसी शिक्षा सत्र यानी 2025-26 से दो नए कोर्स की पढ़ाई शुरू होने जा रही है। पहला कोर्स एमएससी कंप्यूटर साइंस और दूसरा एमए मनोविज्ञान की। इन दोनों की कोर्स को प्रारंभ करने की अनुमति शासन ने दे दी। ये कोर्स स्ववित्तीय योजना के तहत जनभागीदारी मद से प्रारंभ की अनुमति उच्च शिक्षा विभाग ने प्रदान की है। इसके साथ ही साइंस कॉलेज में दो नए पाठ्यक्रम को लेकर तैयारी शुरु कर दी गई।



#### एमएससी सीएस की 40 व मनोविज्ञान की 30 सीटें

एमएससी कम्प्यूटर साइंस में 40 सीट आबंटित की गई है। एमए मनोविज्ञान के लिए 30 सीटें आबंटित की गई है। दोनों पाठ्यक्रमों की संबद्धता हेतु हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग से नियमानुसार प्रक्रिया की जा रही है।विश्वविद्यालय द्वारा इन दोनों पाठ्यक्रमों से संबंधित विभागों के भौतिक रूप से निरीक्षण के लिए टीम भी गठित की गई है। उनके रिपोर्ट के बाद महाविद्यालय में अध्यापन आरंभ होना है।

#### कॉलेज कैम्पस में 16 विषयों की हो रही पढ़ाई

महाविद्यालय की स्वशासी प्रकोष्ठ की नियंत्रक डॉ. जगजीत कौर सलूजा एवं भू-गर्भ शास्त्र के प्राध्यापक डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव ने बताया कि दोनों पाठ्यक्रम पूर्णतः स्ववित्तीय योजना, जनभागीदारी मद से संचालित होगी।इसके लिए महाविद्यालय ग्रंथालय, फर्नीचर , उपकरण तथा कम्प्यूटर आदि की व्यवस्था करेगा। वर्तमान में साइंस कॉलेज में एम.ए. एम.कॉम. तथा एम.एससी. एम.लिबआई.एससी आदि पाठ्यक्रमों में 16 विषयों में स्नातकोत्तर कक्षाएं संचालित है।एमएससी कम्प्यूटर साइंस तथा एमए मनोविज्ञान में स्नातकोत्तर कक्षाएं आरंभ करने के लिए विद्यार्थियों द्वारा लगभग एकदशक से मांग की जा रही थी।

#### शोध केंद्र बनाने में मिलेगी सहायता

एमएससी कम्प्यूटर साइंस आरंभ होने से साइंस कॉलेज दुर्ग को पीएचडी के लिए हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग का शोध केन्द्र बनाने में भी सहायता मिलेगी। दोनों पाठ्क्रमों हेतु शासन द्वारा स्वीकृति प्रदान किए जाने के बाद इस कोर्स में प्रवेश देने के लिए पोर्टल में दर्ज किया जाएगा और विद्यार्थियों से आवेदन मंगवाए जाएंगे।

#### अनुमति मिली

"साइंस महाविद्यालय में एमएससी कम्प्यूटर साइंस तथा एमए मनोविज्ञान आरंभ करने की शासन ने अनुमति दे दी है। दोनों पाठ्क्रमों में ऑनलाईन रूप से प्रवेश के लिए आवेदन मंगवाए जाएंगे।

\- डॉ. अजय सिंह
प्राचार्य साइंस कालेज दुर्ग

### ठगी करने वाला शाखा प्रबंधक गिरफ्तार



**भिलाई।** लोन का राशि वसूलकर अपने पास रखने वाले शाखा प्रबंधक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने अपराध कायम किया है। एएसपी पदमश्री तंवर ने बताया कि 27 जून से 12 दिसंबर 2022 के बीच में बिलाईगढ जिला सारंगगढ-बिलाईगढ निवासी जवाहर लाल कैवर्त भारत फायनेंशियल इन्क्लुजन लिमिटेड कंपनी का शाखा धमधा में प्रबंधक के पद पर कार्यरत था। हितग्राहियों से लोन की राशि वसुलकर अपने पास रख लिया। राशि को शाखा तक में जमा नही किया था। हितग्राहियों से 4 लाख 85 हजार की ठगी किया।


सस्ता सस्ता सस्ता
न्यु ओम ज्वेलर्स
शादी ब्याह में दुल्हनों के लिए एक से एक सुंदर वेरायटी के गहने उपलब्ध
जितने ग्राम सोना लेने पर उतने ही ग्राम की चांदी बिल्कुल फ्री
916 (22K), 833 (20K), 75 (18K) हॉलमार्क के गहने
अब बिल्कुल सस्ते दामों पर उपलब्ध
आज ही पधारें
सर्टिफाइड राशि रत्न उपलब्ध है
★ 100% गारंटी सोना, चांदी, हीरा
★ टोटल हाल मार्क जेवर
★ स्पेशल पर्स, बैग फ्री
★ रिपेयरिंग फ्री
शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग




## खबर संक्षेप



### दुर्ग रेलवे स्टेशन से 200 शिवभक्त बाबाधाम के लिए रवाना

**दुर्ग।** दुर्ग रेलवे स्टेशन से करीब 200 शिवभक्तों का जत्था बाबा बैद्यनाथ धाम (देवघर) की यात्रा के लिए रवाना हुए। श्रद्धालुओं को ग्रामीण विधायक ललित चन्द्राकर, महापौर श्रीमती अलका बाघमार तथा नगर निगम सभापति श्याम शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर विदा किया। यात्रा पर रवाना हो रहे श्रद्धालुओं को पुष्प वर्षा कर सम्मानित किया गया तथा उनकी सुरक्षित और मंगलमय यात्रा के लिए शुभकामनाएं दी गईं। स्टेशन परिसर बोल बम, हर हर महादेव जैसे जयघोषों से गूंज उठा। महापौर ने कहा कि यह यात्रा हमारी श्रद्धा, संस्कृति और सामूहिक आस्था का प्रतीक है। बाबा भोलेनाथ सभी श्रद्धालुओं की यात्रा मंगलमय करें। श्रद्धालुओं में यात्रा को लेकर उत्साह और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। यह जत्था विशेष रेलगाड़ी से देवघर के लिए रवाना हुआ, जहां भक्तजन बाबा बैद्यनाथ के दर्शन कर जलाभिषेक करेंगे।

### पं. लखनलाल मिश्र को दी श्रद्धांजलि



**दुर्ग।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संगठन के संपूर्ण छत्तीसगढ़ अंचल से पधारे उत्तराधिकारी दुर्ग नगर निगम द्वारा स्थापित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंडित लखनलाल मिश्र की आदमकद प्रतिमा के समक्ष एकत्रित होकर श्रद्धासुमन अर्पित किए। कार्यक्रम की शुरुआत गौरव स्थल में पुष्पांजलि अर्पित कर की गई, जिसके पश्चात सभी सदस्य पंडित मिश्र की प्रतिमा स्थल पर पहुंचे। इस भावपूर्ण अवसर पर संगठन के अध्यक्ष मुरली मनोहर खंडेलवाल, सेवानिवृत्त आईएएस गणेश शंकर मिश्रा, पूर्व विधायक चंद्रप्रकाश बाजपेयी, प्रो किशोर कुमार अग्रवाल, सुरेश मिश्रा, रमा जोशी, रेखा जोशी, घनश्याम सोनी, सुनील बंजारी सहित बड़ी संख्या में संगठन के सदस्य एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।
इस अवसर पर उपस्थितजनों ने पंडित मिश्र के स्वतंत्रता संग्राम में किए गए योगदान को स्मरण किया।

### लाभार्थियों को समय पर मिले मकान : कमिश्नर

**दुर्ग।** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत लाभार्थियों को गुणवत्तापूर्ण आवास उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आज कमिश्नर श्री सत्यनारायण राठौर और कलेक्टर अभिजीत सिंह ने प्रगति नगर, रिसाली एवं गोकुल नगर, पुलगांव में निर्माणाधीन पीएम आवास का निरीक्षण किया। इस दौरान कमिश्नर ने रिसाली में मौजूद कॉन्ट्रेक्टर को निर्देशित किया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत बनाए जा रहे 12 ब्लॉकों के निर्माण कार्य को एक साथ करने के बजाय, एक-एक ब्लॉक को क्रमशः पूरा करें।

### भाजपा नेता का बयान हास्याप्रद

**डोंगरगढ़।** डोंगरगढ़ ग्रामीण ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश सिन्हा एवं मुढ़ीपार ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कोमल साहू ने भाजपा नेता के उस बयान की निंदा की है जिसमें उन्होंने रोड की मांग को लेकर किए गए चक्काजाम कोनौटंकी बताया था। श्री सिन्हा और श्री साहू ने कहा है कि आगमन के लिए रोड, बच्चों को स्कूल, मरीजों को अस्पताल, किसानों को खाद दिलाने के लिए कांग्रेस सड़क से सदन तक लड़ाई लड़ेंगी। उन्होंने कहा कि रोड की मांग करना नौटंकी हैं तो क्या वह गांव गांव में दारू भट्टी खोलना उचित मानते हैं? स्कूल बंद होने और किसानों को खाद नहीं मिलने के बाद भी भाजपा के लोग आंख बंद कर बैठे हैं। उन्होंने कहा कि कई सड़कें मानसून सत्र में स्वीकृत नहीं किया गया तो जन सहयोग से कांग्रेस घेराव एवं चक्काजाम आंदोलन करेगी।

# अब विद्यार्थी हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े व चप्पल पहनकर देंगे परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापमं) द्वारा आगामी परीक्षाओं में पारदर्शिता और निष्पक्षता से परीक्षा के संचालन हेतु अभ्यर्थियों के लिए आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। निर्धारित निर्देश अनुसार परीक्षार्थी परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम 2 घंटे पूर्व परीक्षा केन्द्र में पहुंचे ताकि उनका फ्रिस्किंग (फ्रिस्किंग) एवं पहचान पत्र का सत्यापन किया जा सके। परीक्षा प्रारंभ होने के 15 मिनट पूर्व परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया जायेगा। उदाहरण के लिए यदि कोई परीक्षा सुबह 10 बजे से प्रारंभ हो रही है तो मुख्य द्वार 9.45 बजे बंद कर दिया जाएगा, इसलिए समय का विशेष ध्यान रखेंगे।

### ये रहेंगे नियम

विद्यार्थी हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े एवं फुटवियर के रूप में चप्पल पहनकर परीक्षा देने आएंगे। कान में किसी भी प्रकार का आभूषण वर्जित होगा। परीक्षा प्रारंभ होने के पहले आधे घंटे में एवं परीक्षा समाप्ति के आखिरी आधे घंटे में परीक्षा कक्ष से बाहर जाना वर्जित होगा। परीक्षा कक्ष में किसी प्रकार का संचार उपकरण, इलेक्ट्रानिक उपकरण, इलेक्ट्रानिक घड़ी, पर्स, पाऊच, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी आदि ले जाना पूर्णतः वर्जित होगा।

## व्यापमं ने जारी की विद्यार्थियों के लिए नई गाइड लाइन

### परीक्षा में लाना अनिवार्य

परीक्षार्थी प्रवेश पत्र के सभी पेज का प्रिंट आउट ले और पेज के केवल एक तरफ प्रिंट करें, क्योंकि प्रत्येक परीक्षा हेतु व्यापम की प्रति परीक्षा केंद्र में जमा की जाएगी। परीक्षार्थी को परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र के साथ पहचान पत्र के रूप में मतदाता पहचान पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस, पेन कार्ड, आधार कार्ड जिसमें अभ्यर्थी का फोटो हो, का एक मूल पहचान पत्र परीक्षा दिवस में परीक्षा केंद्र में लाना अनिवार्य होगा। मूल पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं करने पर परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं दिया जायेगा, जिसके लिए अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार होंगे।



### नियमों का पालन नहीं करने पर होंगे परीक्षा से वंचित

यदि इंटरनेट से प्राप्त प्रवेश पत्र पर फोटो नहीं आता है, तो अभ्यर्थी अपने साथ दो रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो ले कर परीक्षा केंद्र में आएंगे। परीक्षार्थी परीक्षा कक्ष में केवल काले या नीले बाल पॉइंट पेन को ही उत्तर अंकित करने हेतु उपयोग करेंगे। चयन/प्रवेश के समय प्रवेश पत्र मांगा जाता है, अतः परीक्षार्थी इसे सुरक्षित रखें। व्यापम द्वारा दोबारा प्रवेश पत्र जारी नहीं किया जावेगा। निर्देशों का पालन ना करने पर अभ्यर्थी को परीक्षा देने से वंचित किया जायेगा। परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग करने पर कठोर कार्यवाही की जाएगी तथा अभ्यर्थिता समाप्त कर दी जाएगी।

## शिक्षा विभाग के पास ब्योरा नहीं कि कितने बच्चों को बांट चुके पुस्तकें

# 8वीं बोर्ड और छठवीं की किताबें नहीं चौथी में गणित व पर्यावरण ही मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

हरिभूमि पड़ताल

सरकारी स्कूलों में निःशुल्क पाठ्यपुस्तक वितरण योजना का बुरा हाल है। राज्य से कितनी किताबें आई और कितने स्कूलों में बांटी गई इसका ब्योरा जिला शिक्षा विभाग के पास नहीं है। विभाग को यह भी नहीं मालूम कितने बच्चों को किस-किस विषय की किताबें बांटी जा चुकी है।

केवल किताबों का स्कैनिंग का डाटा राज्य के पोर्टल से लेकर जिला प्रशासन के उच्च अधिकारियों को टीएल बैठक में जानकारी दे रहें हैं कि 90 प्रतिशत स्कूलों में पुस्तकें बांट दी गई है। हरभूमि पड़ताल ने इस दावे की पोल खोल कर रख दी है। अब भी 90 प्रतिशत स्कूलों के बच्चों को पूरी किताबें ही नहीं मिल पाई है। हर कक्षा की कोई न कोई विषय की किताबों की कमी बनी हुई है।

## महीनेभर हो गए स्कूल खुले लेकिन किताबों के बिना पढ़ाई शुरू नहीं

### फैक्ट फाइल

दुर्ग जिला

| | |
|---|---|
| संकुल- | 177 |
| विद्यार्थी- | 103245 |
| किताबों की डिमांड- | 598406 |

### मैदानी रिपोर्ट नहीं है विभाग के पास

शिक्षा विभाग में रिपोर्ट कलेक्ट करने के लिए बाबूओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है। लेकिन सरकारी ढर्रे पर काम करने की आदत अब तक सुधर नहीं पाई है। न नोडल अधिकारी के पास कोई डाटा है और न ही संबंधित बाबू के पास। विभाग द्वारा प्रशासनिक अधिकारियों के पास जो डाटा पेश कर रहे हैं वे संकुलों द्वारा पुस्तकों की स्कैनिंग की है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि बच्चों के भविष्य के प्रति ये कितने गंभीर होकर काम कर रहे हैं।

### बार कोड स्कैनिंग में यह भी समस्या

#### दूसरे जिले का हो रहा शो



दुर्ग जिले में बार कोड स्केनिंग करने से सरायपाली जिले का बुलदेगा स्कूल शो हो रहा है।

छत्तीसगढ़ पाठ्यपुस्तक निगम ने इस बार किताबों में बार कोड दिया है। इस बार कोड की स्कैनिंग करने से सीधे राज्य के पोर्टल में यह रिकार्ड हो रहा है कि कितने संकुलों में पुस्तकें पहुंचा दी गई है। दुर्ग जिले में बार कोड स्कैनिंग के दौरान चौंकाने वाली घटना हो रही है। स्कैनिंग करने पर पुस्तक दूसरे जिले में पहले से ही स्कैनिंग होना शो कर रहा है। इससे कुछ विषयों की किताबें मिल भी गई है तो उसे विद्यार्थियों को बिना रिकार्ड दर्ज हुए बांट तक नहीं

#### एक बार कोड है छपा



दुर्ग जिले में बार कोड स्केनिंग करने से सरायपाली जिले के टीचर भोलाराम का नाम इस तरह शो हो रहा है।

छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम के निर्देश के हिसाब से एक पुस्तक में 2 बार कोड होने चाहिए। हाल यह है कि कई पुस्तकों में एक ही बार कोड ही छपा है।कई में ब्लर है।कई जगह एक बार की जगह 10 से 15 में स्कैन हो रहा है।बिना स्कैन के पुस्तक को बाट नहीं सकते। इसलिए कई स्कूलों में पुस्तकें होते हुए स्कैन ना हो पाने के कारण डंप पड़ी है।कई बार एप में भी तकनीकी समस्याओं के कारण स्कैन में समस्या हो रही है।

#### रिकार्ड बाबू के पास है

"दुर्ग जिले में पुस्तकें आ रही है। कितने स्कूलों में बटी है इसकी जानकारी बाबू वाजिद अली के पास है। उनसे मैं कह देती हूं आप ले लें।
**-गौरा शुक्ला,** जिला नोडल अधिकारी पाठ्य पुस्तक वितरण

#### मेरे पास जानकारी नहीं

"कितनी पुस्तकें संकुलों में गई है या स्कूलों द्वारा बांटी गई है इसकी जानकारी मेरे पास नहीं है। इसलिए मैं डाटा नहीं दे सकता।
**-वाजिद अली,** बाबू पाठ्यपुस्तक वितरण

#### केस 1
#### आठवीं बोर्ड पर चार किताबें नहीं मिली

प्रदेश सरकार ने पिछले शैक्षणिक सत्र से ही आठवीं को बोर्ड कर दिया है। बोर्ड करने के बाद भी आठवीं के विद्यार्थियों को केवल एक किताब मिली है। वह है सहायक वाचन। विद्यार्थियों को यह पुस्तक मिली है लेकिन इसकी परीक्षा नहीं नहीं होती। हिन्दी, गणित, अंग्रेजी और विज्ञान की किताबें ही नहीं मिली है।

#### केस 2
#### छठवीं में केवल हिन्दी किताबें मिली

नया शैक्षणिक सत्र यानी वर्ष 2025 में कक्षा छठवीं में पूरा कोर्स ही बदल दिया है। नए कोर्स में विद्यार्थियों को और शिक्षकों को शुरूआत से ही पुस्तक मिलनी चाहिए लेकिन इस कक्षा की केवल हिंदी पुस्तक आया है। गणित, अंग्रेजी और विज्ञान व सहायक पुस्तकें ही विद्यार्थियों को नहीं मिली है।

#### केस 3
#### चौथी, पांचवी और सातवीं में ये किताबें नहीं

पहली कक्षा में हिन्दी व गणित ही मिले हैं। तीन विषय की किताबें नहीं मिली। कक्षा सातवीं में भी केवल अंग्रेजी,गणित और संस्कृत ही आया है। कक्षा पांचवीं में भी केवल अंग्रेजी,गणित और हिन्दी ही आया है। पर्यावरण नहीं मिला है। कक्षा चौथी में भी केवल गणित और पर्यावरण ही मिला है। हिन्दी और अंग्रेजी की किताबें नहीं मिल पाई है।

## मत्स्य पालकों ने अध्यक्ष को बताई समस्याएं, दिया आश्वासन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

छत्तीसगढ़ मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटियारा ने कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में जिले के मछुवारा वर्ग सहकारी समितियों एवं मत्स्य पालकों की बैठक ली। बैठक में मछुआरों के कल्याण से जुड़ी विभिन्न योजनाओं और मुद्दों पर चर्चा की गई। बोर्ड अध्यक्ष श्री मटियार ने बैठक में मछली पालन विभाग अंतर्गत प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा की और उपस्थित मत्स्य कृषकों को विभागीय योजनाओं का लाभ उठाकर मत्स्य उत्पादन में वृद्धि कर आय दुगनी करने प्रोत्साहित किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सुशासन तिहार के माध्यम से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी सभी मत्स्य कृषकों सहित अन्य नागरिकों तक पहुंचाने कहा। उपस्थित मत्स्य कृषकों से विभागीय योजनाओं का लाभ लेकर अपनी आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए कहा। बैठक में उन्होंने जिले के सभी मछुआ सहकारी समितियों की मांगें और समस्याएं सुनी और उनके निराकरण का आश्वासन दिया। बैठक में उपसंचालक मत्स्य सीमा चंद्रवंशी ने विभाग के गतिविधियों से श्री मटियारा को अवगत कराया। उन्होंने जिले में मत्स्य बीज प्रक्षेत्र बधिमा के अंतर्गत उपलब्ध संसाधनों सर्कुलर हैचरी, प्रजनक, पोखर संवर्धन पोखर, एम बी पैकिंग शेड भंडार क्ष की जानकारी दी। इस अवसर पर अशोक निषाद, मंडल अध्यक्ष कमलेश फेकर, पूर्व एल्डरमैन जगमोहन ढीमर, भोज प्रसाद निषाद, नन्द कुमार निषाद, सकुन ढीमर, प्रदेश मछुआ महसंघ महामंत्री बिरेंद्र कुमार निषाद, सहित मछुआ सहकारी समिति मछुआ महासंघ विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

■ संसाधनों,पोखर संवर्धन पोखर, एम बी पैकिंग शेड भंडार कक्ष की दी जानकारी

### फेडरेशन की ज्ञापन रैली आज

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय आह्वान पर जिला पंचायत के सभागार मे अत्यावश्यक बैठक हुई। बैठक में महगाई भत्ता एवं 11 सूत्रीय मांगो को लेकर 16 जुलाई को ज्ञापन रैली निकालने पर निर्णय लिया गया। समस्त मान्यता प्राप्त संगठन के सभी जिला अध्यक्ष, महासचिव, प्रांतीय पदाधिकारी सहित छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के विभागीय समिति के पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

# डेयरी संचालकों के नल कनेक्शन जांच करने महापौर ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



महापौर श्रीमती अलका बाघमार ने मंगलवार को वार्ड 50 बोरसी भाठा के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था देखी। उन्होंने स्थानीय लोगों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डेयरी के कारण मोहल्ले की नालियों में लगातार गोबर बहाया जा रहा है, जिससे पानी की निकासी अवरुद्ध होने के साथ लोगो के घरों के सामने खाली प्लांटों में भर रहा है। जिससे आस-पास में रहने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिस पर महापौर ने डेयरी संचालकों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। डेयरी में नल कनेक्शन की जांच कर अवैध पाए जाने पर तत्काल काटने के निर्देश दिए। उन्होंने निगम अधिकारियों को निर्देशित किया कि जितने भी बोरसी भाठा क्षेत्र में डेयरी है सभी को नोटिस जारी कर जुर्माना लगाया जाए। निरीक्षण के दौरान यह भी देखा गया की मंदिर के पास सड़क क्षेत्र में दर्जनों कबाड़ गाड़ियो को देखकर सड़क क्षेत्र से हटवाने के निर्देश अतिक्रमण अधिकारी को दिए। उन्होंने पुनाम कम्प्लेक्स क्षेत्र की गलियों में गंदगी व गोबर भराव के साथ खाली प्लाटों में जलभराव की स्थिति को देख महापौर ने सफाई अमले को पानी निकासी के लिए निर्देशित किया।

■ बोरसी भाठा की समस्याओं से रुबरु हुईं महापौर

# एक पेड़ मां के नाम रोपे गए पौधे, रक्षा के लिए लगाए सेफ्टी गार्ड



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

पर्यावरण मित्र मंडल के संरक्षक बालू राम वर्मा के नेतृत्व में भिलाई मंडल के पर्यावरण मित्रों के सहयोग से विभिन्न स्थानों पर वृक्षारोपण का कार्य किया जा रहा है इसी कड़ी में शासकीय मिडिल स्कूल शक्ति नगर के प्रधान पाठक अवनीश श्रीवास्तव के अनुरोध पर भिलाई पर्यावरण मित्र मंडल के सहभागिता में पांच पौधे आम, जामुन, शहतूत, कटहल और नीम के पौधे एक पेड़ मां के नाम के तहत रोपित किया गया। उक्त अवसर पर बालूराम वर्मा ने लोगों को संदेश दिया कि पौधारोपण सुरक्षा घेरा सहित पौधे को वृक्ष बनते तक सेवा करना चाहते हैं तो आम, अमरूद, सीताफल, सहित विभिन्न प्रजाति के फलदार एवं छायादार पौधे के लिए इधर-उधर न भटके हमें कॉल करें। इस कार्यक्रम में पार्षद, विधायक प्रतिनिधि, महिला लायंस क्लब के पदाधिकारी, स्कूल अध्यापिका विद्यार्थियों ने भाग लिया।

## वरिष्ठ नागरिक करेंगे रोपित पौधों की देखभाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

हायर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर 7 के पर्यावरण मित्र मंडल के संरक्षक बालूराम वर्मा के मार्गदर्शन में पर्यावरण मित्र मंडल के सदस्य सियाराम कश्यप, देव सिंह साहू, कैलाश जोशी, मनोज चौबे, लखन लाल मलागर, प्रेमलाल पिपरिया , जीवनलाल पैकरा, मारुति शंकर बल, अरूप राय, बी. बाबू ,लव कुश स्वर्णकार एवं वरिष्ठ नागरिकों जो पौधे का संरक्षण का कार्य करेंगे ब्रह्मदेव पटेल, ए. आर. वर्मा, एम.एल.शर्मा, गोपाल जनोरिया द्वारा लगभग 19 पेड़ों में सेफ्टी गार्ड लगाकर मां के नाम एक पौधरोपण किया गया।

## शासकीय भवनों में रेन-वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने के दिए निर्देश

# जिले में खाद एवं खरीफ बीज का हो पर्याप्त भण्डारण : राठौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

संभाग आयुक्त एसएन राठौर ने संभागीय कार्यालय के सभाकक्ष में संभाग स्तरीय अधिकारियों की समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा की। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने संभाग में खाद एवं खरीफ बीजों के भण्डारण एवं वितरण की जानकारी ली। संयुक्त संचालक कृषि द्वारा अवगत कराया गया कि संभाग अंतर्गत खरीफ बीज एवं खाद का पर्याप्त भण्डारण तथा किसानों को वितरण किया गया है।

■ संभागायुक्त ने संभाग स्तरीय अधिकारियों की समय-सीमा प्रकरणों की समीक्षा की

उन्होंने बताया कि संभाग के 533 सहकारी समितियों में युरिया, डीएपी, एसएसपी, एमओपी और एनपीकेएस 339638 टन उर्वरक का भण्डारण किया गया था। जिसमें से 312335 टन उर्वरक किसानों को वितरित किया जा चुका है। इसी प्रकार संभाग के 522 सहकारी समितियों में 109970.8 क्विंटल खरीफ बीज भण्डारण किया गया था। जिसमें से 107031.8 बीज किसानों को वितरित किया गया है। कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा डीएपी के विकल्प के रूप में नैनो युरिया तथा युरिया एवं सुपर फास्फेट को निर्धारित मात्रा में मिश्रित कर उपयोग में लाने की सलाह दी जा रही है।



### मिलेट्स की खेती करने करें प्रेरित

संभाग आयुक्त श्री राठौर ने संभाग के पहाड़ी क्षेत्रों में मिलेट्स फसलों की खेती को प्राथमिकता देने क्षेत्र के किसानों को प्रेरित करने के निर्देश दिए। उन्होंने संभाग के स्कूलों में पाठ्य पुस्तकों की उपलब्धता की जानकारी ली। संयुक्त संचालक शिक्षा द्वारा अवगत कराया गया कि संभाग के 90 प्रतिशत स्कूलों में पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध कराई जा चुकी है। संभाग आयुक्त ने स्कूलों में शिक्षकों की उपस्थिति के साथ अध्यापन कार्यों में प्रगति लाने और विद्यार्थियों में अनुशासन पर जोर देने की बात कही। उन्होंने उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारी को संभाग अंतर्गत विद्यालयों में विद्यार्थियों के एडमिशन प्रतिशत बढ़ाने के निर्देश दिए।

### स्कूल-कॉलेज के आसपास मादक पदार्थों की न हो बिक्री

संभाग आयुक्त ने कहा कि शैक्षणिक संस्थानों के आस-पास मादक पदार्थों की बिक्री न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए। एनसीसी, एनएसएस के विद्यार्थियों और पुलिस विभाग के संयुक्त प्रयास से जन जागरूकता अभियान चलाए जाए। संभाग आयुक्त श्री राठौर ने निर्माण कार्य एंजेसी विभाग के अधिकारियों से सीसीएम चिकित्सा महाविद्यालय से संबंधित निर्माण कार्यों की अद्यतन प्रगति की जानकारी ली और स्वीकृत निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने बरसात के मौसम में नदी नालों में बनाए गए एनीकट के गेट खोलने निर्देशित किया, ताकि क्षेत्र में जल भराव की स्थिति निर्मित न होने पाए। आवश्यकता पड़ने पर जल संसाधन विभाग द्वारा गेट बंद कराया जाए। उन्होंने संभाग अंतर्गत जल संचयन को बढ़ावा देने सभी शासकीय भवनों एवं नव निर्माणाधीन भवनों में भी रेन-वॉटर हारवेस्टिंग सिस्टम प्राथमिकता से बनवाने अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक में उपायुक्त उप आयुक्त ;विण्द्ध श्री पदुम यादव सहित समस्त विभाग के संभाग स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

**नाम परिवर्तन**

मैं शपथकर्ता CHERIKAL MOHAMMAD YUSUF ALI S/O MOHAMED RAFIQ निवासी 155/के, पांच रांस्त वार्ड नं. 12, सुपेला भिलाई तह. व जिला दुर्ग छ.ग. का निवासी हूँ, जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक प्रस्तुत कर रहा हूँः-
1. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है।
2. यह कि मेरे नाम से जारी आधार कार्ड क्रमांक 6395 7707 6858 में मेरा नाम C M YUSUF ALI S/O MD RAFIQ दर्ज है सही एवं सत्य है।
3. यह कि मेरे नाम से जारी ड्राइविंग लायसेंस आर.टी.ओ. ऑफिस में मेरा नाम CHERIKAL MOHAMMAD YUSUF ALI S/O MOHAMED RAFIQ दर्ज है।
4. यह कि उक्त दोनों नाम CHERIKAL MOHAMMAD YUSUF ALI S/O MOHAMED RAFIQ एवं C M YUSUF ALI S/O MD RAFIQ ये दोनों ही नाम अलग-अलग है किन्तु ये दोनों ही नाम एक ही व्यक्ति अर्थात् मेरे स्वयं का ही नाम है जो कि सही सत्य है।
5. यह कि भविष्य में भी जो भी मेरे नाम से शासकीय, अशासकीय, अर्द्धशासकीय एवं अन्य दस्तावेज बनाये जायेंगे मेरा नाम अंग्रेजी में CHERIKAL MOHAMMAD YUSUF ALI S/O MOHAMED RAFIQ ही होगा।
6. यह कि यह शपथ हरिभूमि पत्रिका के सक्षम प्राधिकारी के समक्ष मेरे दस्तावेजों में मेरे स्वयं का नाम CHERIKAL MOHAMMAD YUSUF ALI S/O MOHAMED RAFIQ दर्ज किये जाने के संबंध में प्रस्तुत कर रहा हूँ।
सत्यापन शपथकर्ता
मैं CHERIKAL MOHAMMAD YUSUF ALI S/O MOHAMED RAFIQ निवासी 155/के, पांच रांस्त वार्ड नं. 12, सुपेला भिलाई तह. व जिला दुर्ग छ.ग. यह सत्यापित करती हूँ कि इस शपथ पत्र की कंडिका क्रमांक 01 से 06 में दी गई समस्त जानकारी मेरे निजी ज्ञान व विश्वास के अनुसार सही व सत्य है जिसे आज दिनांक 15.07.2025 को स्थान दुर्ग में पढ़कर व समझकर अपना हस्ताक्षर किया।
शपथकर्ता

# धमधा नाका अंडरब्रिज से अग्रसेन चौक तक फोरलेन सहित 10 करोड़ में बनेंगी 7 सड़कें

हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग

शहर की बिगड़ती ट्रैफिक व्यवस्था को देखते हुए शहर की 7 प्रमुख सड़कों के चौड़ीकरण का निर्णय लिया गया है। इसके तहत धमधा नाका अंडरब्रिज से अग्रसेन चौक तक फोरलेन सड़क बनाई जाएगी। शासन से सात प्रमुख सड़कों के लिए 10.11 करोड़ रुपए की स्वीकृति मिली है। विधायक गजेंद्र यादव ने स्थल निरीक्षण कर लोगों को इस आशय की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव की विकासशील सोच और जनसेवा की प्रतिबद्धता ने इन सड़कों की स्वीकृति प्रदान की है।



### विधायक गजेन्द्र यादव ने स्थल निरीक्षण कर लोगों को दी जानकारी

#### शहर की इन सड़कों का होगा कायाकल्प, मिलेगी चौड़ी रोड

जानकारी के मुताबिक शहर की 7 सड़कों के नवीनीकरण और चौड़ीकरण की स्वीकृति मिली है। मेनोनाइट चर्च से गौरव पथ, ईरानी डेरा से महाराजा चौक मार्ग, कलेक्टर कैम्पस मार्ग सिविल लाइन, उतई टैम्पो स्टैंड से पोटिया मार्ग, पॉलिटेक्निक कॉलेज कैंपस, चंडी मंदिर से उरला मार्ग, धमधा बेमेतरा अंडरब्रिज से अग्रसेन चौक तक फोरलेन मार्ग शामिल है। वर्तमान में उक्त सभी सड़कों पर ट्रैफिक एक बड़ी समस्या है। बता दें कि इन सड़कों के चौड़ीकरण का प्रस्ताव बजट में शामिल किया गया था, जिसकी प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई। नागरिकों को जल्द सुविधा मिलने की उम्मीद है।

#### फोरलेन सड़क के प्रस्ताव को जल्द मिलेगी मंजूरी, आभार जताया सीएम व उपमुख्यमंत्री का

विधायक गजेन्द्र यादव ने स्वीकृति मिलने पर मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि शहर के सर्वांगीण विकास के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में दुर्ग विधानसभा के सात प्रमुख सड़कों के नवीनीकरण का प्रस्ताव शामिल किया गया था, जिसका स्वीकृति पत्र मंगलवार को प्राप्त हुआ अब जल्द ही विभागीय प्रक्रिया पूर्ण कर कार्य प्रारंभ कराया जाएगा। राशि की स्वीकृति से पटरीपार क्षेत्र में फोरलेन सड़क की लंबित मांग अब जल्द प्रारंभ हो जाएगी, इससे क्षेत्र में ट्रैफिक दबाव कम होगा नागरिक सुरक्षित आवागमन कर सकेंगे। इससे शहरवासियों को एक बड़ी सुविधा मिलेगी और वाहनों का परिवहन सहज हो पाएगा।

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस कमेटी विद्युत दर की बढ़ोतरी पर कल देगी ज्ञापन



**उतई।** राज्य शासन द्वारा विद्युत दर में की गई बढ़ोतरी वापस लेने उतई में नगर कांग्रेस कमेटी उतई के तत्वाधान में 17 जुलाई को ज्ञापन सौपा जाएगा। जिसमें दुर्ग ग्रामीण अध्यक्ष राकेश ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। ज्ञापन सौंपने की सूचना थाना उतई में दी गई । इस दौरान नेता प्रतिपक्ष व पार्षद द्वारिका साहू, राकेश साहू, पूर्व पार्षद प्रहलाद वर्मा, सुरता सिंह गढ़े, कांग्रेस कार्यकर्ता धनंजय नेताम, योगेश मांडले और आशीष रावत उपस्थित थे।

### किसानों को कृषि विभाग ने दिए अरहर बीज



**उतई।** कृषि विभाग द्वारा दलहन कि खेती को प्रोत्साहित करने के लिए पाऊवारा व बोरीगारका के किसानों को अरहर बीज की मिनी किट बांटी गई। अपने खेत के मेड़ या खाली पड़ी जमीन पर अरहर लगाने के इच्छुक किसानों को यह बीज कृषि विभाग दे रहा है। इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष राकेश हिरवानी की उपस्थिति में ग्राम सेवक मेश्राम द्वारा गोपेश्वर साहू ,रमेश साहू, पुरानिक साहु, रमेश निषाद, हेमलाल साहु, लालेन्द हिरवानी और विजय साहू लाभान्वित हुए।

### नवीन पाठ्यपुस्तकों पर आधारित प्रशिक्षण पूरा

**खैरागढ़।** ब्लाक के बल्देवपुर जोन में सत्र 25 में कक्षा पहली से तीसरी तक नवीन पाठ्यक्रम और दो नई पाठ्यपुस्तकों के क्रियान्वयन को लेकर एफएलएन पर आधारित पांच दिवसीय ऑनलाइन जोन स्तरीय प्रशिक्षण हुआ। डाइट के प्रभारी प्राचार्य सुनील शर्मा के निर्देशन, जिला शिक्षा अधिकारी लालजी द्विवेदी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी नीलम सिंह राजपूत, एपीसी आत्माराम साहू और बीआरसी सुजीत सिंह चौहान के मार्गदर्शन में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में बल्देवपुर जोन के 13 संकुलो के 186 प्राथमिक शिक्षकों ने भाग लिया।

### स्वास्थ्य केंद्र उतई में सुविधाओं का अभाव, मरीजों को हो रही दिक्कत

# ट्रिपल इंजन की सरकार में नहीं मिल रहा स्वास्थ्य सुविधा का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶|उतई

डॉक्टरों की कमी की वजह से दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के एकमात्र नगर पंचायत उतई के 30 बिस्तर वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उतई में आपात स्थिति होने पर एक भी डॉक्टर उपलब्ध नहीं रहते।

स्वास्थ्य केंद्र में उतई में स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव हमेशा बना रहता है। वर्तमान में डॉक्टरों की कमी से जूझ रहा है। बारिश के मौसम में पानी बदलते ही अस्पतालों में मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। रोजाना सैकड़ों मरीज आस पास के गांव से इलाज के लिए अस्पताल पहुंच रहे हैं। लेकिन ओपीडी समय पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेंद्र गोलन, चिकित्सा अधिकारी ममता गेंदरे व डॉ. अपूर्व आदर्श मिश्रा बस रहने के वजह से मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ओपीडी समय के बाद आपात स्थिति आने पर गरीबो को इलाज नहीं मिल रहा। मजबूरी में मरीज को प्राइवेट हॉस्पिटल या फिर दुर्ग जिला चिकित्सालय जाना पड़ रहा है।

### जीवनदीप समिति के कर्मचारियों को तीन माह से वेतन नहीं मिला




#### अब तक जीवन दीप समिति की बैठक नहीं हुई

वर्तमान भाजपा सरकार को बने हुए लगभग पौने दो साल होने को है। जीवन दीप समिति का गठन तो कर दिया गया मगर अब तक उसकी बैठक एक बार भी नहीं हुई जिसमें हॉस्पिटल में होने वाली समस्याओं पर चर्चा किया जा सके। वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उतई में कर्मचारियों की कमी को दूर करने के लिए जीवनदीप समिति के तहत रखे गए कर्मचारियों को पिछले तीन माह से वेतन तक नहीं दिया गया है। जिसके लिए इन कर्मचारियों ने खंड चिकित्सा अधिकारी व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को लिखित शिकायत भी कर चुके हैं उसके बावजूद इन पर कोई सुनवाई नहीं किया जा रहा। वहीं मरीज अनूपा सोनवानी को गुरुवार रात 3 बजे उल्टी दस्त हुआ तो सुबह 8 बजे जब सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र उतई गया तो वहां कोई डॉक्टर नहीं मिला एक व्यक्ति हेल्प डेक्स पर बैठा था जो 9 से 10 बजे तक इंतजार करने बोला या फिर जिला अस्पताल दुर्ग जाने की सलाह दी गई। वहीं मजबूरी में मरीज को प्राइवेट हॉस्पिटल जाना पड़ा। वहीं दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर को इस संबंध में जानकारी लेने के लिए कॉल करने पर उनके पीए द्वारा कॉल उठाकर विधायक अभी मीटिंग में है 2 घंटे बाद बात करता हूं बोलकर बात नहीं कराया गया।

#### जानकारी भेज दी है

"24 घण्टा आपात ड्यूटी के लिए कम से कम पाँच डाक्टरों की आवश्यकता है, लेकिन अभी दो ही चिकित्सा अधिकारी है और एक बांड चिकित्सक इस वजह से रात में ड्यूटी नहीं लगा पा रहे। इसकी जानकारी संबंधित अधिकारी को भेज दी गई है।

**नरेंद्र गोलन**, प्रभारी चिकित्सक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उतई

#### जिले में डाक्टरों की कमी

"जिले में डाक्टरों की कमी है। जिसके लिए प्रस्ताव बनाकर भेजा गया है। जल्दी ही इसकी पूर्ति की जाएगी

**डॉ. मनोज दानी**, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दुर्ग

#### गंभीर समस्या बनी हुई

"नगर पंचायत उतई में स्वास्थ्य केंद्र में सेवाओं की कमी एक गंभीर समस्या है, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में इस कमी के कारण, लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं प्राप्त करने में कठिनाई हो रही है। इसे ध्यान में रखकर शासन प्रशासन को डॉक्टर की व्यवस्था जल्द करवाना चाहिए।

**ताम्रध्वज साहू**, पूर्व केबिनेट मंत्री

# खर्रा-भनसुली में ग्रामीणों को मिलेगी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶|पाटन

विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन समारोह खर्रा एवं भनसुली में आयोजित किया गया। जिसमें सांसद विजय बघेल ने ग्राम खर्रा में सीसी रोड और उचित मूल्य सह गोदाम का लोकार्पण और भूमिपूजन किया और राजीव सेवा केंद्र का भी लोकार्पण किया, जो ग्रामीणों को विभिन्न सेवाएं प्रदान करेगा। इस दौरान सांसद बघेल का गजमाला शॉल श्रीफल प्रतीक चिन्ह भेंटकर स्वागत किया गया। सांसद बघेल ने पूजा अर्चना कर फीता काटकर उद्घाटन किया। जनपद पंचायत पाटन की अध्यक्ष किर्ती नायक ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। विशेष अतिथि राजेश नीलम चंद्राकर और कल्पना नारद थे। सांसद बघेल ने इस दौरान क्षेत्र के विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस अवसर ,अति.विशिष्ट अतिथि कमलेश वर्मा (उपाध्यक्ष जनपद पंचा. पाटन), ज्योति प्रकाश साहू (मंडल अध्यक्ष द. मोखली), राजेश चंद्राकर (सांसद प्रतिनिधि ज.पं. पाटन), राजा पाठक (सांसद प्रतिनिधि ज. पंचा. पाटन) के अजय बघेल पूर्व जिला पंचायत सदस्य लालेश्वर साहु,निर्मल जैन, धनराज साहु, कमलेश साहु, बाबा वर्मा पारख साहु, सुरेन्द्र साहु,भागवत,गरिमा साहु, विमला यादव, सावित्री साहु, गोपी वर्मा, रामेन्द साहु , ग्राम पंचायत खर्रा के सरपंच रेखराम साहू और गिरवर साहू उपसरपंच ग्राम पंचायत खर्रा सहित ग्राम पंचायत भनसुली के ग्रामीण जन उपस्थित थे।



■ खर्रा-भनसुली में विभिन्न विकास कार्यों का सांसद ने किया भूमिपूजन

### छात्राओं ने राष्ट्रीय सह प्रवीण्य सूची परीक्षा में लहराया परचम

**अंडा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय कोलिहापुरी के 5 छात्राओं का चयन राष्ट्रीय सह प्रवीण्य सूची में हुआ है। शाला प्रवेश उत्सव में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सरस्वती बंजारे ने इनका सम्मान किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। चयनित छात्रों में वैशाली देशमुख, करुणा निषाद, तासु साहू ,गानेशवरी साहू ,अंजली साहू है। प्रधान अध्यापक सुनिती दुबे, शिक्षिका लक्ष्मी देवांगन, आरती चंद्राकर और अनिता वर्मा ने बच्चों की उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी बच्चों को विशेष मार्गदर्शन देने वाले वेदांत निषाद को धन्यवाद देते हुए शाला परिवार की तरफ से प्रधान पाठक सुनिती दुबे ने सम्मानित किया।

■ शाला प्रवेशोत्सव में सभी छात्राओं का किया सम्मान

## अंचल की खबरें

### भूईं फोड़ महादेव का आशीष पाने उमड़े श्रद्धालु



**ननकटठी।** शिवधाम कोड़िया के 'भुइं फोड़ शिव मंदिर' में सावन के पहली सोमवार को भोलेनाथ का दर्शन अभिषेक करने श्रद्धालुओं की भीड़ सुबह से ही लगी रही। इस अवसर पर रुद्राभिषेक, पूजा अर्चना, भजन कीर्तन का भी दौर दिन भर चलता रहा। कांवड़िये भी जल चढ़ाने बड़ी संख्या में पहुंचे। सुबह से ही मंदिर में ओम नमः शिवाय, बोल बम, हर हर महादेव का जय घोष गूंजता रहा। साथ ही शिव चालीसा, शिव सहस्त्र नाम, भजन कीर्तन, रामायण पाठ भी हुए।

### बाबा दरबार धनोरा में मनाई गुरु पूर्णिमा




**अंडा।** बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग में स्वर्गीय परमानंद कठोलिया की पुण्य तिथि पर गुरु पुर्णिमा का आयोजन किया गया। जहां सभी कलाकारों का आगमन हुआ। लक्ष्मण बाबा ने बताया कि दोपहर 12 बजे स्वर्गीय परमानंद कठोलिया के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित किया गया। लक्ष्मण बाबा, मंगल वर्मा, जस सम्राट रचनाकार अगराहित निषाद, जुगल किशोर कठोलिया, विनोद साहू, राजू यादव, मनसुखा साहू, मनोज पटेल, गुलाब साहू, गज्जू रायपुरिहा, भोलू खिलेश्वर और नंद पंडा बबलू साहू ने दीप प्रज्ज्वलित किया। कलाकारों ने जस एवं लोक गीत प्रस्तुत किए। शाम 4 बजे से खिचड़ी प्रसाद वितरण किया गया जिसमें 5 हजार भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। शाम 7 बजे पुरन साहू जस सम्राट एवं राजेश सिन्हा ने माता रानी की आरती प्रस्तुत की। यह जानकारी दरबार प्रति निधी चन्द्र कांत कोसरे एवं योगेश साहू ने दी।

### गुरु कुंवरकांत शास्त्री का किया गया पूजन



**कुम्हारी ।** छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी समाज की प्रमुख महिला अध्यक्षा श्रीमती योगिता वर्मा की ओर से गुरु पूर्णिमा का आयोजन किया। जहां गुरु महाराज कुँवरकांत शास्त्री ग्राम पुरैना (देवरस वाले) का उनके भक्तों, शिष्यों ने आरती उतारकर, पुष्पाहार से स्वागत कर ससम्मान आसन पर बिठाकर गुरु पूजन किया। इस अवसर पर गुरुदेव ने कहा कि सर्वप्रथम हमे अपने माता-पिता, अगर विवाहिता है तो सास-श्वसुर और पति को प्रणाम करना चाहिए, तत्पश्चात गुरु को प्रणाम करना चाहिए। आयोजन में वरिष्ठ भाजपा नेता मनोज वर्मा एवं योगिता वर्मा ने गुरु का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर नन्द कुमार वर्मा, बोरेन्द्र, सन्तोष परगनिहा, राजेन्द्र वर्मा, वीरेन्द्र निषाद, सर्वेश वर्मा, सुधा शुक्ला, चमेली वर्मा, नम्रता वर्मा सहित सैकड़ों भक्त एवं शिष्यगण सहित मनवा कुर्मी समाज कुम्हारी के सदस्य उपस्थित रहे।

### आस संकलित 'पहचान' का हुआ विमोचन



**अंडा।** शास.उ.मा.शाला अंजोरा ख के व्याख्याता शिवनारायण देवांगन आस ने अपने जन्मदिन के अवसर पर स्वयं द्वारा संकालित उपलब्धियों का संकलन 'पहचान' का विमोचन प्राचार्य होरी लाल चतुर्वेदी के कर कमलों से हुआ। शिवनारायण देवांगन ने बताया कि इस पुस्तक में अब तक की सभी उपलब्धियों को संकलित कर तैयार किया गया है इसका संपादन डॉ.बोधी राम साहू व प्रकाशन दुर्गा देवांगन व दृष्टि देवांगन ने किया। इस अवसर पर व्याख्याता शशिकला चन्द्राकार,अंजुलता त्रिपाठी, मनोज कुमार गुप्ता, दृष्टि देवांगन,यशवंत राजपूत, खुशबू जैमिनी, ममता देवांगन , सरस्वती श्रीवास्तव, उमा राठौड़, मनोज कुमार गुप्ता, शारदा साहू, भिनेश्वरी साहू, के, कविता, सुभाषिनी ऐलन, अभिलाषा साहू, मीना रावटे,आकाश दुबे,बालेश ठाकुर,फगनी निषाद, स्वाति शर्मा, चमेली साहू ने हर्ष जताया।



## बिजनेस साइट

### सावन मास में दर्द और नस रोग निवारण निःशुल्क शिविर आयोजित



**भिलाई।** न्यूरो साइकेट्रिस्ट डॉ. प्रशांत अग्रवाल के द्वारा सावन मास में आयोजित नस रोग एवं दर्द निवारण 7 दिवसीय 14 से 19 जुलाई तक निःशुल्क शिविर सुबह 9 से 11 में छत्तीसगढ़ के लोगों ने लिया विशेष लाभ लिया। एडवांस्ड न्यूरो माइंड क्लिनिक दुर्ग बस स्टैंड के सामने आयोजित शिविर में पिछले 2 दिनों में 200 से भी ज्यादा मरीजों ने लिया लाभ। डॉ प्रशांत ने बताया कि ज्यादा मरीजों को लकवा, न्यूरो पैथी, पर्किन्सन्स और स्लिप डिस्क, सर्वाइकल स्पोनडिलाईटिस जैसी समस्या थी। कई महीनों से इलाज करवाने के बाद भी मरीजों को फायदा नहीं था, क्योकि समस्या थी नस की और दवाइया चल रही थी। मरीजों को इस शिविर में उचित परामर्श, के साथ-साथ बीमारी की जड़ के बारे में जानकारी दी गयी। यही नहीं मुफ्त में दवाइया भी दी गयी। डॉ प्रशांत ने हाल में ही पेन मैनेजमेंट का कोर्स किया। जिसमें उन्हें सिखाया गया है कि हर दर्द का इलाज लम्बा नहीं चलता कुछ दिन की दवाई और फिर सही योग, कसरत बीमारियों को जड़ से ठीक कर सकती है। डॉ. अग्रवाल कहते है की मिर्गी और दौरे पड़ने की भी समस्या में भी दवाईया 2 से 3 वर्ष के भीतर बंद कर दी जाती है। डॉ. प्रशांत अग्रवाल अपनी सेवाएं-एडवांस्ड न्यूरो माइंड क्लिनिक, सौभाग्य काम्प्लेक्स में दोपहर 1 से 4 में और कृष्णा मेडिकल, पॉवर हाउस में शाम 6 से 8 देते है।

### अक्षय पात्र में एक दिवसीय फायर सेफ्टी पर कार्यशाला



**भिलाई।** फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट भिलाई के द्वारा सेक्टर- 6 भिलाई में स्थित हरे कृष्ण मंदिर संस्था अक्षय पात्र में एक दिवसीय फायर एवं सेफ्टी की कार्यशाला का आयोजन किया गया। अक्षय पात्र फाउंडेशन संस्थान के अध्यक्ष व्योमपाद दास अध्यक्ष ने बताया कि संस्था फायर सेफ्टी से आए मुख्य प्रबंधक रवि सोनी, एसएल धनकर और तपन कुमार विश्वास के द्वारा इस कार्यशाला में संस्थान में कार्य कर रहे अधिकारी-कर्मचारियों को अग्निशमन और सुरक्षा प्रबंध की बारीकी से जानकारी बताई गई। गैस और बॉयलर स्टीम के द्वारा कार्य करते समय कौन-कौन सी सावधानियां का ध्यान रखते हुए कार्य करना है ताकि कोई हादसा कोई घटना या दुर्घटना घटित ना हो और संस्था में लगे अग्निशमन यंत्रों का भी कमी निरीक्षण किया। जिनका रखरखाव बहुत सुचारू ढंग से किया गया है।


### वीरों की याद में किया पौधारोपण...



**कुम्हारी।** अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा महिला प्रकोष्ठ एवं युवाप्रकोष्ठ की ओर से कुम्हारी के रेजंगला में शहीद वीर जवानों के नाम से वृक्षारोपण किया गया। इस दौरान प्रमुख रुप से राष्ट्रीय अध्यक्ष मंजू यदु ,नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीना वर्मा , प्रदेश कार्यकारणी अध्यक्ष माधुरी एवं वार्ड 11 की पार्षद ऋतिका यादव आदि मौजूद थे।

## गोष्ठी

### सरस्वती शिशु मंदिर जामगांव आर में हुई चर्चा

# जीवन को आनंदमय बनाती है पंचभूत संस्कारित शिक्षा:साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶|जामगांव आर

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर में मंगलवार को आधारगत पंच भूत शिक्षा पर पंच भूत शिक्षा गोष्ठी का आयोजन हुआ।

इस गोष्ठी में मुख्य मार्गदर्शक सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ रायपुर के दुर्ग विभाग समन्वयक हरिश्चंद साहू थे। इस अवसर पर व्यवस्थापक एके जैन, प्राचार्य पीएल बारले और कार्यालय प्रमुख हाथेश्वर साहू विशेष रूप से उपस्थित थे। दुर्ग विभाग समन्वयक हरिश्चंद्र साहू ने कहा कि शिक्षा के साथ संस्कार होने पर ही जीवन को सार्थकता मिलती है। जीवन आनंदमय होता है। उन्होंने कहा कि पंचभूत संस्कारित शिक्षा जीवन को आनंदमय बनाती है। मार्गदर्शन गोष्ठी में धनेश्वरी साहू,दिव्या चंद्राकर,परमानंद टंडन,लिकेश्वर साहू,प्रीति साहू,सुनीता सेन,शशि यादव, कल्पना साहू और झरना साहू आदि ने भाग लिया। संचालन प्राचार्य पीएल बारले ने किया।



## खबर संक्षेप

### विधिक सेवा प्राधिकरण ने छात्रावास में दिलाया प्रवेश

**दुर्ग।** उच्च न्यायालय बिलासपुर के मुख्य न्यायाधीश, संरक्षक रमेश सिन्हा ने बाल गृह और बाल संप्रेक्षण गृह में रह रहे शारीरिक और मानसिक रूप से दिव्यांग बच्चों के विकास के लिए बड़ी पहल की है। विभिन्न न्यायालयीन प्रकरणों में वसूली गई अर्थदण्ड की राशि इन बच्चों की देखरेख करने वाली संस्थाओं के पास जमा



कराने के आदेश दिया है। आदेश 11 सितंबर 2024 से 11 जुलाई 2025 तक की अवधि के लिए दिया गया है। इस दौरान कुल 4 लाख 2 हजार रुपए की राशि जमा कराई जानी है। इसमें से 2 लाख 6 हजार रुपये दिव्यांग बच्चों के लिए संचालित संस्था में जमा हो चुके हैं। वहीं, 1 लाख 79 हजार रुपये बाल संप्रेक्षण गृह में जमा किए जा चुके हैं। यह राशि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं, खेल सामग्री, शिक्षाप्रद पुस्तकें और मानसिक विकास से जुड़ी गतिविधियों के लिए उपयोग की जाएगी। एक निर्धन एवं जरूरतमंद बालिका को विज्ञान एवं वाणिज्य शिक्षण केन्द्र कन्या दुर्ग के छात्रावास में प्रवेश दिलाने में अहम भूमिका निभाई गई। बरेबेड़ा कांकेर निवासी मेधावी छात्रा आर्थिक रूप से अत्यंत कमजोर पृष्ठभूमि से थी, जिसने अपनी कठिन आर्थिक व सामाजिक परिस्थितियों के बाद भी अपने अध्ययन को निरंतर जारी रखा था। उसे छात्रावास में प्रवेश आवश्यक थी। उसे प्रवेश दिलाने में विधिक सेवा प्राधिकरण ने सहयोग प्रदान किया।

### बेदखली कार्रवाई में व्यवधान, शिकायत

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग के प्रवर्तन अनुभाग टीम द्वारा मंगलवार को सेक्टर 2 रोड में अवैध बांस बल्ली हटाए गए। इस दौरान एचएससीएल क्वार्टर निवासी एक व्यक्ति द्वारा साथियों के साथ कर्मियों के साथ गालीगलौच धक्का मुक्की और घसीटकर मारने व पत्थर मारने की धमकी दी गई। व्यक्ति द्वारा सेक्टर 6 में भी बेदखली कार्रवाई में बाधा उत्पन्न की गई। विभाग द्वारा इसकी शिकायत कलेक्टर और एसपी के साथ भट्ठी थाना में एफआईआर कराने के लिए शिकायत की गई है। बीएसपी आफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष एनके बंछोर ने इस घटना की निंदा की है।

### टाउनशिप में प्रिवेंटिव प्रयास से डेंगू नियंत्रण

**भिलाई।** टाउनशिप में डेंगू को नियंत्रित करने के लिए भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग के जन स्वास्थ्य अनुभाग और जिला मलेरिया विभाग द्वारा संयुक्त रूप से चलाए जा रहे डेंगू रोकथाम और नियंत्रण अभियान के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। अभियान की शुरुआत से लेकर अब तक टाउनशिप में डेंगू का एक भी मामला सामने नहीं आया है इस अभियान के अंतर्गत घर-घर सर्वे, जलजमाव वाले क्षेत्रों का निरीक्षण, टेमीफॉस का निशुल्क वितरण, छिड़काव एवं फॉगिंग जैसे महत्वपूर्ण कार्य किए जा रहे हैं। जिला मलेरिया विभाग द्वारा प्रदान की गई 120 ब्रीडर चेकर की समर्पित टीम प्रतिदिन टाउनशिप के विभिन्न सेक्टरों में व्यापक गतिविधियाँ चला रही है। अब तक टाउनशिप के 40 हजार से अधिक घरों में डेंगू के लार्वा की उपस्थिति की जाँच की जा चुकी है।

# पांच दिनों के बाद शाम को बारिश, उमस से मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

पांच दिनों के बाद मंगलवार की रात करीब 8 बजे अच्छी बारिश हुई। पिछले दो दिनों से बादल आ रहे थे लेकिन कहीं -कहीं चंद मिनट तक ही बरसते। जिसकी वजह से लोगों को धूप व बदली से उमसभरी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। बारिश होने से लोगों को इस दिक्कत से राहत मिली। मौसम विभाग ने दो दिन बाद भारी बारिश की चेतावनी दी है। 16 व 17 जुलाई को हल्की व मध्यम बारिश अलग-अलग क्षेत्रों में हो सकती है। मौसम विभाग ने बताया कि एक सिस्टम वायुमंडल में सक्रिय है।

## मौसम विभाग ने जारी की दो दिन बाद भारी बारिश की चेतावनी

### मौसम में ऐसा बदलाव

मौसम विभाग के मुताबिक एक चिन्हित निम्न दाब का क्षेत्र उत्तर झारखंड और उससे लगे दक्षिण बिहार के ऊपर स्थित है। इसके पश्चिम उत्तर पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हुए झारखंड दक्षिण बिहार, पूर्वी उत्तर प्रदेश की तरफ अगले 24 घंटे में आगे बढ़ने की संभावना है। मानसून द्रोणिका बीकानेर, उत्तर राजस्थान, हमीरपुर, उत्तर झारखंड, कोंटई और उसके बाद पूर्व दक्षिण पूर्व की ओर उत्तर पूर्व बंगाल की खाड़ी तक स्थित है। 16 जुलाई को अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है।



### चार डिग्री सेल्सियस बढ़ा तापमान

दुर्ग जिले में अधिकतम तापमान में हर दिन बढ़ोतरी हो रही है। मंगलवार को औसत अधिकतम तापमान में 4 डिग्री सेल्सियस बढ़ गया था। अधिकतम तापमान 34.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज की गई है। न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं दिखा। न्यूनतम तापमान 24.4 डिग्री सेल्सियस रहा। एक दिन पहले यानी सोमवार को अधिकतम तापमान 33.6 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 24.2 डिग्री सेल्सियस था।

### अब तक 311.3 मिमी औसत बारिश

जिले में 1 जून 2025 से 15 जुलाई 2025 तक 311.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। कार्यालय कलेक्टर भू अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से अब तक सार्वाधिक वर्षा 413.3 मिमी पाटन तहसील में तथा न्यूनतम 252.0 मिमी. तहसील बोरी में दर्ज की गई है। इसके अलावा तहसील धमधा में 271.8 मिमी, तहसील अहिवारा में 372.6 मिमी, तहसील भिलाई-3 में 275.6 मिमी और तहसील दुर्ग में 282.2 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। 15 जुलाई को तहसील दुर्ग में 0.0 मिमी, तहसील धमधा में 9.0 मिमी, तहसील पाटन में 0.0 मिमी, तहसील बोरी में 5.0 मिमी, तहसील भिलाई 3 में 3.4 मिमी और तहसील अहिवारा में 12.7 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

## निजीकरण से होगा नुकसान, सेफी ने प्रधानमंत्री से की मांग

# बैंकों की तरह इस्पात सार्वजनिक क्षेत्रों का जरूरी है रणनीतिक विलय

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

सेफी ने इस्पात क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रमों का रणनीतिक विलय की मांग की है इससे सेल के विस्तार में मदद मिलेगी और सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा भी की जा सकेगी। दिल्ली में सेफी कार्उसिल की की हुई बैठक में इस्पात क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रमों के रणनीतिक विलय का संकल्प पारित किया था। इससे सेफी से संबद्ध इस्पात मंत्रालय के अधीन उपक्रम सेल, आरआईएनएल, नगरनार इस्पात संयंत्र, एनएमडीसी, मेकॉन आदि का रणनीतिक विलय कर इस्पात मंत्रालय के तहत एक मेगा स्टील पीएसयू का गठन किया जा सके। सेफी के संकल्प को आधार बनाकर 1 दिसंबर 2021 को लोकसभा में इस्पात क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रमों के रणनीतिक विलय के विषय पर चर्चा की गई पीएम से 7 मई 2025 को अनुरोध किया था कि सार्वजनिक क्षेत्र के सभी इस्पात उपक्रमों का रणनीतिक विलय किया जाए। सेफी चेयरमेन एनके बंछोर ने बताया कि इस्पात मंत्रालय द्वारा सेफी को सूचित किया गया कि इस अपील को सुझाव के रूप में स्वीकार किया गया है। इस्पात मंत्रालय के संयुक्त सचिव दया निधान पाण्डेय ने यह पत्र सेफी चेयरमेन नरेन्द्र कुमार बंछोर को प्रेषित किया है।

**दी संकल्प पारित होने की जानकारी, विलय से सेल के विस्तार में मिलेगी मदद**



### नगरनार व आरआईएनएल जोड़ बनाएं मेगा कंपनी

सेफी अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार बंछोर ने बताया कि प्रस्तावित संयंत्र एक दूसरे के अनुपूरक बन सकते हैं। इस्पात मंत्रालय को सेफी के रणनीतिक विलय के सुझाव पर विचार करना चाहिए। यदि सेल, आरआईएनएल व नगरनार इस्पात संयंत्र को एक मेगा कंपनी बनाया जाता है तो इस कंपनी के पास उन्नत इस्पात संयंत्र तथा प्रचुर मात्रा में आयरन अयस्क और निर्यात हेतु स्वयं का पोर्ट उपलब्ध रहेगा ।

### तो सेल के विस्तार का लक्ष्य होगा पूरा

सरकार के इस्पात मंत्रालय के निर्देशानुसार सेल जैसे सार्वजनिक क्षेत्र की महारत्न कंपनी को सरकार के इस्पात नीति 2030 के तहत क्षमता विस्तार 20 मिलियन टन से 35 मिलियन टन) के लिए निर्देशित किया गया है। इसके तहत सेल को विस्तारीकरण का बड़ा लक्ष्य दिया गया है जिसके तहत एक लाख करोड़ रूपये की राशि का निवेश 2030 तक करने की योजना है। । सेफी प्रारंभ शुरु से ही सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के अंधाधुंध निजीकरण एवं विनिवेश के स्थान पर, पुर्नगठन तथा रणनीतिक समायोजन की मांग सरकार से करता रहा है। विनिवेश किये जाने वाले इन इकाईयों की क्षमता पर अगर गंभीरतापूर्वक विचार करें तो इन इकाईयों के अलग-अलग क्षमताओं तथा उपलब्ध संसाधनों को मिलाकर एक लाभकारी रणनीति बनाई जा सकती है जिसमें इन इकाईयों को विनिवेश की आवश्यकता नहीं होगी। उदाहरण के लिए आज आरआईएनएल के पास कुशल व तकनीकी क्षमता से परिपूर्ण मानव संसाधन उपलब्ध है लेकिन इनके पास स्वयं का लौह अयस्क माइंस नहीं होने के कारण कच्चे माल की कमी तथा कच्चे माल को अधिक कीमत में खरीदने की बाध्यता ने इस कंपनी के लाभार्जन की क्षमता को न्यूनतम कर दिया है। छत्तीसगढ़ के आदिवासी अंचल बस्तर स्थित नगरनार इस्पात संयंत्र को दिनांक 03.10.2023 को माननीय प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्र को समर्पित किया गया था।

## बिजली दरों की बढ़ोतरी के विरोध में कांग्रेस देगी 22 को धरना



हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग

प्रदेश में राज्य की भाजपा सरकार द्वारा बिजली की दरों में बढ़ोतरी के खिलाफ कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया है। इसे लेकर ब्लॉक और जिला मुख्यालय स्तर तक चरणबद्ध आंदोलन करने का फैसला लिया गया है। इसके अंतर्गत दुर्ग जिला के दुर्ग ग्रामीण एवं अहिवारा विधानसभा में 17 जुलाई और पाटन एवं धमधा ब्लॉक में 18 जुलाई को कांग्रेस द्वारा बिजली ऑफिस का घेराव कर प्रदर्शन किया जाएगा। इसके अलावा दुर्ग जिला मुख्यालय के बिजली ऑफिस में 22 जुलाई को कांग्रेसियों द्वारा सामूहिक रूप से घेराव व प्रदर्शन किया जाएगा। ग्रामीण कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राकेश ठाकुर, दुर्ग अध्यक्ष गया पटेल और भिलाई अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर ने संयुक्त रूप से इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राज्य की भाजपा सरकार ने डेढ़ साल के भीतर पहले युक्तियुक्तकरण के जरिए शिक्षकों, स्कूलें बंद कर विद्यार्थियों, नई शराब दुकानें खुलवाकर महिलाओं और डीएपी खाद व बीज उपलब्ध न करवाकर किसानों के साथ छल किया है।

■ जिला स्तर से ब्लॉक स्तर तक चरणबद्ध आंदोलन की बनाई रणनीति

अब बिजली की दरों में भारी बढ़ोतरी कर उपभोक्ताओं को लुटने का कार्य राज्य सरकार द्वारा किया गया है। घरेलू बिजली की दर में 10 से 20 पैसे प्रति यूनिट, गैर घरेलू बिजली की दर में 25 पैसे प्रति यूनिट और कृषि पंप के बिजली के दर में सर्वाधिक 50 पैसे प्रति यूनिट की दर से बढ़ोतरी की गई है। दरों में यह वृद्धि कर डबल इंजन की भाजपा सरकार द्वारा उपभोक्ताओं को डबल आर्थिक करंट दे दिया है। पूर्व विधायक अरुण वोरा ने कहा कि राज्य की भाजपा सरकार को जनता और किसानों की परवाह नहीं है। इसलिए भाजपा सरकार द्वारा डेढ़ साल के कार्यकाल में तीन बार बिजली की दरों में वृद्धि कर दिया। किसानों को एक ओर जहां सोसायटियों से डीएपी खाद नहीं मिल रहा है, वहीं कृषि पंप के बिजली के दर में वृद्धि कर राज्य की भाजपा सरकार द्वारा किसानों के साथ बड़ा अन्याय किया गया है। इस दौरान पूर्व मंत्री बीडी कुरैशी, प्रदेश कांग्रेस कमेटी महासचिव राजेन्द्र साहू, पूर्व महापौर शंकरलाल ताम्रकार, आरएन वर्मा, धीरज बाकलीवाल, प्रदेश कांग्रेस सचिव अय्यूब खान, दीपक दुबे आदि मौजूद थे।

# स्वास्थ्य विभाग के 16 हजार कर्मचारी आज से रहेंगे दो दिवसीय हड़ताल पर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

स्वास्थ्य विभाग के एनएचएम कर्मचारी दो दिन की हड़ताल पर चले गए हैं। सभी कर्मचारी 16 व 17 जून को हड़ताल पर शामिल होंगे। यह आंदोलन छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य विभाग के एनएचएम

■ एनएचएम में समान वेतन ग्रेड पे सहित अन्य मांगों को लेकर करेंगे प्रदर्शन

कर्मचारी संघ के आव्हान पर 10 सूत्रीय मांगों को लेकर किया जा रहा है। इस आंदोलन में छत्तीसगढ़ के सभी जिलों के एनएचएम के 16 हजार से अधिक कर्मचारी एक साथ शामिल होंगे। ऐसा माना जा रहा है कि सरकार पर दबाव बनाने के लिए संघ एक साथ इतनी बड़ी हड़ताल कर रहा है।



### ये है एनएचएम कर्मियों की मांगे

एनएचएम कर्मचारियों की मुख्य मांगे समान कार्य समान वेतन है। उनका कहना है कि उन्हें भी नियमित कर्मचारियों की तरह ग्रेड पे, जाब सुरक्षा, अनुकंपा नियुक्ति, चिकित्सा अवकाश, मेडिकल बीमा जैसी आवश्यक सुविधाएं भी मुहैया मिलनी चाहिए।

### 10 सूत्री मांगों को लेकर सिविल सर्जन को सौंपा ज्ञापन

15 जुलाई को जिला चिकित्सालय दुर्ग के एनएचएम कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने अपनी 10 सूत्री मांगों को लेकर जिला चिकित्सालय दुर्ग के सिविल सर्जन अधिकारी डॉ. आशीषन कुमार मिंज को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर दुर्ग जिला के एनएचएम के जिला अध्यक्ष डॉ. आलोक शर्मा, जिला एन एच एम के पदाधिकारी डॉ. ओ पी वर्मा, योगेश चंद्राकर, ललित कुमार साहू, कविता ताम्रकार, हिमांशु चंद्राकर, पूजा शर्मा, नेहा वर्मा, हिमरानी साहू, त्रिलोक चंद, वेगु गजपाल, रविना उपस्थित थे। उन्होंने बताया कि जिला चिकित्सालय दुर्ग से 108 अधिकारी और कर्मचारी हड़ताल में शामिल हो रहे हैं।

# हत्या केस की जांच में एक्सपर्ट की लें मदद, डिजिटल गैजेट्स का हो उपयोग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

हत्या केस को लेकर ऑनलाइन इंवेस्टिगेशन का प्रशिक्षण कार्यक्रम दुर्ग रेंज में किया गया। इस दौरान आईजी राम गोपाल गर्ग ने कहा कि अपराधियों को पकड़ने के साथ साथ दोष सिद्ध पर भी विवेचक ध्यान दें। हत्या के मामलों की

■ आईजी की बैठक में दुर्ग, बालोद बेमेतरा से अफसर ट्रेनिंग में पहुंचे

प्रभावी जांच के लिए विशेष प्रशिक्षण का उद्देश्य विवेचकों को हत्या के प्रकरणों की जाँच में दक्ष बनाना है। घटनास्थल से लेकर न्यायालय में साक्ष्य प्रस्तुत करने तक की समग्री प्रक्रिया की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण सत्र में स्वयं आईजी पावर पाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से मार्गदर्शन किया गया। इसमें सूचना प्राप्ति के बाद तुरंत कार्रवाई , घटनास्थल पर रवाना होने की प्रक्रिया, घटनास्थल निरीक्षण के दौरान महत्वपूर्ण सावधानियाँ,तकनीकी बिंदु, भौतिक, वैज्ञानिक, डिजिटल साक्ष्यों को सुरक्षित करने की विधियाँ, पंचनामा, पीएम की प्रक्रिया, उससे जुड़ी संवेदन शीलता, आरोपी की पहचान, तलाश,गिरफ्तारी के बाद की वैधानिक प्रक्रिया, साक्ष्य प्रस्तुति, केस डायरी,चार्जशीट के दस्तावेजीकरण की रणनीति को विस्तार से बताया गया। प्रशिक्षण में एसएसपी विजय अग्रवाल , बेमेतरा एसपी रामकृष्ण साहू, एसपी बालोद योगेश पटेल समेत रेंज के राजपत्रित अधिकारी, थाना प्रभारी भी ऑनलाइन में शामिल हुए।



### विवेचना को और अधिक प्रभावी बनाएं

आईजी ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य था कि विवेचक हत्या केस की हर कड़ी को वैज्ञानिक, संवेदनशील, वैधानिक ढंग से समझ सकें। इससे न्यायिक प्रक्रिया में मजबूत साक्ष्य के आधार पर अपराधियों को सजा दिलाई जा सके। आईजी ने प्रशिक्षण के अंत में सभी अधिकारियों से अपील किया कि वे प्रशिक्षण में प्राप्त जानकारी को अपने दैनिक कार्य में लागू करें। गंभीर अपराधों की विवेचना को और अधिक प्रभावी बनाएँ।

## नायब तहसीलदार ढालसिंह बिसेन ने स्थल पर पहुंचकर किसानों से ली जानकारी

# कलेक्टर के हस्तक्षेप के बाद नगपुरा में खेतों से पानी निकासी के इंतजाम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

नगपुरा में 300 एकड़ से ज्यादा की फसल बर्बादी और खेतों में भरे पानी के मामले को लेकर कलेक्टर अभिजीत सिंह ने जानकारी ली है। उन्होंने राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि तत्काल पानी निकासी के इंतजाम किए जाएं। तकनीकी दिक्कतों को दूर कर फसलों की व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए। इसके बाद नायब तहसीलदार ढालसिंह बिसेन ने स्थल पर पहुंचकर किसानों से जानकारी ली। मौके से पानी निकासी के इंतजाम कराया। बता दें कि किसानों की इस समस्या को लेकर हरिभूमि ने प्रमुखता से खबर का प्रकाशन किया था। इसके बाद जिला प्रशासन हरकत में आया और व्यवस्था दुरुस्त करने की दिशा में काम शुरू किया गया। जानकारी के मुताबिक पिछले 5 वर्षों से खेतों में जल भराव की समस्या झेल रहे किसान चेतन यादव, सुरेश सिन्हा, बिसौहा राम धनकर, इंद्र्र यादव, प्रदीप देवांगन, हेमलाल सिन्हा, हेमचंद धनकर सहित सैकड़ों किसानों के खेतों में भरा पानी एक सप्ताह के बाद निकल पाया। किसानों ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि अब इस बारिश में उनकी फसलें नहीं डूबेगी और वह पूरा उत्पादन ले पाएंगे । लेकिन स्थाई हल के लिए हम प्रशासन से सरकारी रिकॉर्ड के अनुसार बारिश के बाद नाला के निर्माण की मांग करते हैं ।



### पानी निकासी वाली जगह पर निजी जमीन से हुई दिक्कत

तहसीलदार प्रफुल्ल गुप्ता ने बताया कि किसानों ने जानकारी लेने के बाद पता चला कि तीन दिन की बारिश के बाद किसानों के खेतों में पानी अवरुद्ध हो गया था। मौके का निरीक्षण करने पर पता चला कि पहले जहां से पानी की निकासी होती थी, वह निजी जमीन थी। जहां पर कोई स्ट्रक्चर बन गया है। फिलहाल वहां पर कोई नाला नहीं था। इसके लिए निजी जमीन भू धारक को समझाया गया कि पानी की निकासी के लिए रास्ता बना कर दे, ताकि किसानों की फसलों को डूबने से बचाए जा सके। उन्होंने वैकल्पिक रूप से नाली का निर्माण कर उसमें पाइपलाइन भी डाल रहे हैं।

### जेसीबी की मदद से खुदाई कर पुलिया डाल बनाई नाली



कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देश पर राजस्व के अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण किया। अवरुद्ध पानी के निकासी का रास्ता बनाकर किसानों की समस्या के निराकरण किया। मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार ढाल सिंह बिसेन ने पीड़ित किसानों को बुलाया गया था । किसानों की सहमति पर पानी की निकासी के लिए वैकल्पिक रास्ता बनाया गया। जेसीबी से खुदाई कर नाली बनाकर उसमें आज पुलिया डाला गया।



हरिभूमि लाइव

रायपुर, बुधवार 16 जुलाई 2025

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

7747020002, Message at - 9755819129



03

सिर्फ मसल्स बनाने ही प्रोटीन की जरूरत नहीं और भी हैं इसके काम

## लाइव इवेंट

### 35 साल बाद गुरु-शिष्य मिले और याद किया पुराने दिनों को



**भिलाई।** कन्या शाला भिलाई तीन में शिक्षक मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें प्राथमिक स्कूल के प्रधान पाठक द्वारिका प्रसाद अवस्थी, बेनीराम मढ़रिया, ईश्वरी वर्मा, चैतराम साहू, शिक्षक ओपी परगनिहा, अशोक कुमार सोनी, ढालसिंह मढ़रिया, एचपी चंद्राकार, आरएस चंद्राकार, ढाल सिंह वर्मा, गणेश राम देवांगन, केपी साहू, केएन राय, केडी मिश्रा, लेखराम मढ़रिया उपस्थित रहे। गुरुजनों को बैच लगाकर एवं फूल-माला पहनाकर स्वागत किया गया। स्वागत गीत गाए गए। इस अवसर पर प्रकाश सोनी ने ए कश्मीर हैं गीत गाकर माहौल को और अधिक रोचक बना दिया। छात्रों ने बताया कि 35 साल बाद छात्र और गुरु मिले। सभी गुरुजनों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन दयादास साहू ने किया। आभार हरेंद्र बघेल ने व्यक्त किया। बीरेंद्र नागवंशी ने बताया कि सभी एक दूसरे से आत्मीयता से मिले। इस अवसर पर बालोद से भारतेंदु वर्मा, बिलासपुर से प्रभात वर्मा, रिसाली से अजय चंद्राकार, नेतराम देवांगन, रंगा, रायपुर से राजेंद्र वाधवानी, शोभाराम साहू, पुरूषोतम मढ़रिया, दिल्ली राव, कमल चावला, बाबू राव, प्रकाश सोनी, कृष्णा वातवे, राकेश साहू, नवीन जैन, निर्दोष पांडे, संदीप चटर्जी, दीनबंधु सोनी, विनोद वर्मा, सुशील झा, खोमन लाल, रामाराव वोडके, रामदयाल, संतोष मांडवी, बिजेंदर सिंह, दिनेश सिन्हा, बिरेंद्र नागवंशी, हरेंद्र बघेल, एवं दयादास साहू उपस्थित रहे।

■ शिक्षक मिलन समारोह में अपने गुरुजनों को किया सम्मानित

## सिटी इवेंट

### ताइक्वांडो स्पर्धा में भिलाई-चरोदा के 7 खिलाड़ियों ने जीते मेडल



**भिलाई।** केन्द्र सरकार योजना के तहत अस्मिता खेलो इंडिया वुमन्स लीग ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन जामुल में हुआ। प्रतियोगिता सिर्फ जूनियर और सीनियर गर्ल्स के लिए आयोजिक की गई। संभाग स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में इंडियन ताइक्वांडो क्लब भिलाई-चरोदा के 7 खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। 7 ने मेडल जीता। इंडियन ताइक्वांडो क्लब के मुख्य कोच एवं सचिव अनिल कुमार देवांगन ने बताया क्लब के सहायक कोच सुजल दास एवं जतिन नायक के संरक्षण में 7 बच्चों ने हिस्सा लिया। शानदार प्रदर्शन कर 7 बच्चों ने मेडल पर अपना कब्ज़ा किया। मेडल प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों में श्रेया दास सिल्वर, प्रियंका महिपाल ब्रॉन्ज़, ओजश्विनी परगनिहा ब्रॉन्ज़, छाया साहू ब्रॉन्ज, इशिका महारा ब्रॉन्ज़, सीएच यशस्वी ब्रॉन्ज, नताशा वर्मा ब्रॉन्ज़ शामिल हैं। इस अवसर पर संयोजक प्रमोद तिवारी, संतोष जंघेल, मुख्य रेफरी राकेश पुरी गोस्वामी, अनिल देवांगन, सहायक रेफरी डोमनिक पियर्स, शुभम साहू उपस्थित थे।

## सिटी इवेंट

### हाई सिक्योरिटी नंबर के लिए लगाया कैम्प, 200 से ज्यादा ने कराया पंजीयन



**भिलाई।** वर्ष 2019 से पहले के दोपहिया और चार पहिया वाहनों के लिए हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट अनिवार्य किया गया है। इसे लेकर चेंबर ऑफ कामर्स ने सिंधी पंचायत और आरटीओ के सहयोग से पंजीयन शिविर लगाया। सिंधी समाज के लोगों ने अपनी गाड़ियों के एचएसआरपी नंबर प्लेट के लिए लाइन में खड़े ना होकर दिक्कतों एवं परेशानियों का सामना न करना पड़े, इसके लिए यह शिविर लगाया। दो दिवसीय शिविर सुबह 10 से शाम 4 बजे के मध्य आयोजित किया गया। झूलेलाल धाम माता मंदिर वैशाली नगर में आयोजित शिविर में भगवान शिव मंदिर में पूजा अर्चना की गई। अभिषेक किया गया। संयोजक अर्जुन सचदेव ने बताया कि इस शिविर का बड़ी संख्या में लोगों ने लाभ उठाया। व्यापारी और स्थानीय लोग पंजीयन कराने के लिए पहुंचे। इस अवसर पर मनोहर कृष्णानी, महेश कुकरेजा, गोपाल राव, जय गेहानी, गोपी राजप्लानी, मनोहर थडानी, खिल्लूमल होतवानी, डॉ. हेमंत अंबवानी, दयाराम बत्रा, भीमसेन सेजपाल, अनिल अग्रवाल, प्रताप राय शिवानी, शिवन दास रमानी, अजय भसीन, गार्गी शंकर मिश्र, दिलीप पवानी सहित अन्य मौजूद थे। जानकारी के मुताबिक 200 से ज्यादा लोगों ने पंजीयन कराया।

● चातुर्मास में दुर्ग के रतन भवन बांधा तालाब और नगपुरा के पार्श्वनाथ तीर्थ में धर्मसभा

# आवश्यकताएं कभी पूरी नहीं होती, तृष्णा कभी समाप्त नहीं होती, जीवन का वास्तविक सार समता और साधना में है

भिलाई-दुर्ग। श्वेताम्बर जैन समाज का चातुर्मास जारी है। दुर्ग में मधुकर रतन भवन बांधा तालाब में नियमित रूप से साध्वियों की धर्मसभा का आयोजन किया जा रहा है। वहीं नगपुरा स्थित पार्श्वनाथ तीर्थ में भी प्रवचन की श्रृंखला जारी है। मंगलवार को पार्श्वतीर्थ नगपुरा में साध्वी लब्धियशा श्री ने आचारांग सूत्र का उल्लेख करते हुए कहा कि समता में ही धर्म है, जहां समभाव है, वहीं सच्चा धर्म है। उन्होंने कहा कि श्रमण भगवान महावीर स्वामी ने भी फरमाया है कि सम्यक दृष्टि जीव अपने कर्तव्यों का निर्वाहन धाय माता की तरह करता है, जो कर्तव्यों का पालन तो करती है पर बच्चे के प्रति आसक्ति नहीं रखती। यही आसक्ति मोहनीय कर्म का बंधन करती है।

धर्मसभा को संबोधित करते हुए साध्वी श्री ने कहा कि आवश्यकताएं कभी पूरी नहीं होती, तृष्णा कभी समाप्त नहीं होती। भले ही आपकी सभी अभिलाषाएं पूरी हो जाएं, फिर भी जीवन का वास्तविक सार उसमें नहीं, बल्कि समता और साधना में है। उन्होंने आगे कहा कि बाह्य उत्तेजनाओं के प्रति अपनी क्रिया-प्रतिक्रिया को नियंत्रित करना ही समभाव है। यदि कोई वस्तु हमें पीड़ा देती है, तो वह वस्तु कारण नहीं, बल्कि हमारे उसके प्रति आकलन के कारण हैं।

उन्होंने कहा कि मनुष्य घटनाओं से नहीं, अपितु उनके प्रति अपने दृष्टिकोण से प्रभावित होता है। मोहनीय कर्म के विषय में उन्होंने कहा कि जब तक जीवन भौतिकता में उलझा रहेगा, अशुचिता का ज्ञान होने पर भी उसमें आसक्ति बनी रहती है। गटर में पड़े शराबी की तरह जो गंदगी में भी आनंद मानता है, वही मोहनीय कर्म की गहराई है। उन्होंने कहा कि विषमता को स्वीकारना, विपरीत परिस्थितियों में भी समभाव रखना और अशुभ के प्रति प्रतिक्रिया न देना यही समता का मार्ग है। इसके लिए ज्ञान के साथ विवेकयुक्त पुरुषार्थ आवश्यक है।





### गूगल से जैसा मार्ग मांगों सब बताता है, लेकिन गुरु भक्त की पात्रता देखकर मार्ग दिखाता है

जय आनंद मधुकर रतन भवन बांधा तालाब की धर्म सभा में आध्यात्मिक प्रवचन श्रृंखला के अंतर्गत त्याग तपस्या का ठाठ जारी है। साध्वी प्रियदर्शना श्री ने कहा कि दुख का मूल कारण आज्ञानता है। यह कैंसर, तपेदिक से भी बड़ा रोग है। अज्ञानी जितनी मिथ्या भ्रांतियों में जीता है, उतना ज्ञानी व्यक्ति सुख-शांति, समाधि को पा लेता है। अंधकार के समान आज्ञान है तो प्रकाश के समान ज्ञान है। ज्ञान हमें आगम से मिलता है। अरिहंत परमात्मा की वाणी ही आगम है। राग, द्वेष, मोह, माया के विजेता तीर्थंकरों ने शिक्षाएं दी। वह हमारे जीवन का उद्धार करने वाली है। आवश्यक सूत्र प्रतिदिन अवश्य करना चाहिए। यह पाप का प्रचलन का शास्त्र है। आत्मा के मेल मेल को दूर करके निर्मलता पवित्रता प्रदान करता है। प्रतिक्रमण यह आवश्यक सूत्र का दूसरा नाम है।

साध्वी समुदाय ने धर्म सभा में कहा कि 18 पापों से मुक्ति का मार्ग है तपस्या। हमें इस मार्ग से जुड़कर अपने मानव जीवन को सार्थक करना चाहिए। भगवान आदिनाथ से लेकर भगवान महावीर स्वामी तक सभी पावन पवित्र आत्माएं ध्यान साधना के मार्ग से ही भवपार किया है। धर्म का मूल सम्यक दर्शन है। स्व का अध्ययन करना स्वध्याय है। सभी के प्रति समभाव की भावना रखना ही धर्म है। मंगलवार को चंचल अशोक बोथरा ने तेल तक की आराधना प्रारंभ की। तपस्या के क्रम में जिज्ञासा बंगानी, आदित्य चौरडिया, रोमा पारख, नेहा सुराना, प्रियंका पारख की अठाई तप की आराधना जारी रही।



#### आगम एक दर्पण है, इसके लिए सब कुछ समर्पण, यही तीर्थंकर का सार

साध्वियों ने कहा कि आगम एक दर्पण है, इसके लिए सब कुछ समर्पण है। जैन दर्शन का नियम है। आगम यह जरूर है कि जैन परंपरा में आगम को लेकर भिन्न-भिन्न मत है। मंदिर मार्गी परंपरा 45 आगम मानती है। वही स्थानकवासी परंपरा में 32 आगमों को प्रमुखता से स्थान दिया गया है। वहीं दिगंबर परंपरा में भी आगम का मत अलग है। हर धर्म में प्रमुख को स्थान दिया गया है। जैसे हिंदू धर्म में गीता तो मुसलमान धर्म में कुरान। इसी तरह क्रिश्चियन बाइबिल को मानते हैं। सिख समुदाय गुरु ग्रंथ साहब को धर्म में प्रमुखता से स्थान देते हैं। जैन धर्म भी गमों को अपना प्रमुख ग्रंथ के रूप में स्वीकार करता है। साध्वी विचक्षणा श्री ने कहा कि तीर्थंकर अधिनास से लेकर भगवान महावीर तक के द्वारा कही गई देशना को सूत्र रूप में आगमों में समाहित किया गया है। विश्व की सबसे प्राचीन भाषा प्राकृत भाषा है, जैन धर्म जैन दर्शन भी के सभी प्राचीन काल में लिखे गए ग्रंथ सूत्र भी प्राकृत भाषा में ही मिलते हैं।

# जुटे ट्विनसिटी के साहित्यकार, हरियाली और प्राकृतिक सौंदर्य पर काव्य पाठ

**भिलाई।** मुक्तकंठ साहित्य समिति के तत्वावधान में भिलाई निवास के पार्क में शांति निकेतन के तर्ज़ पर हरियाली और प्राकृतिक सौंदर्य के बीच मासिक काव्य गोष्ठी एवं साहित्य चर्चा का आयोजन किया गया। इसमें उपस्थित मुक्तकंठ साहित्य समिति के सदस्यगण, कवि व साहित्यकारों ने खुले आसमान के नीचे प्रकृति का आनंद लेते हुए काव्य पाठ किया। काव्य पाठ करने वालों में समिति के अध्यक्ष गोविंद पाल, महासचिव नरेंद्र कुमार सिक्केवाल, उपाध्यक्ष शीशलता शालू, कोषाध्यक्ष प्रकाश मंडल, संरक्षक बृजेश मल्लिक, प्रचार सचिव डॉ नौशाद सिद्दिकी, कार्यकारिणी सदस्य वासुदेव भट्टाचार्य, शमशीर शिवानी, जाविद हसन, सिद्धार्थ चटर्जी, इस्माइल



आजाद, विपुल सेन, संतोष जाटव, शंकर भट्टाचार्य, जलज ताम्रकार 'गुंडरदेही', चन्द्र बर्मन, सुरेश कुमार बंछोर, रियाज खान गौहर, यशवंत 'यश', कल्याण सिंह, सत्यवती शुक्ल, वी. नाथ, बिरजू, आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शीशलता शालू ने की एवं धन्यवाद व आभार प्रदर्शन प्रकाश चन्द्र मण्डल ने किया। इस अवसर पर महासचिव नरेंद्र कुमार सिक्केवाल एवं अध्यक्ष गोविंद पाल ने सभी सदस्यों से अपील करते हुए कहा कि अबसे हर माह के द्वितीय रविवार को इसी समय मासिक काव्य गोष्ठी एवं साहित्य चर्चा कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। ताकि समिति के सभी सदस्यों के बीच आपसी तालमेल और समन्वय बना रहे और आप लोग इसी तरह सक्रिय भागीदारी निभाते हुए मुक्तकंठ को ऊंचाइयां प्रदान करें।

# मुक्केबाजी चैम्पियनशिप में अश्वनी और तेजेश को मिला कांस्य पदक

दुर्ग। राज्य स्तरीय बालक-बालिका मुक्केबाजी प्रतियोगिता का आयोजन बिलासपुर में हुआ। इस प्रतियोगिता में दुर्ग मुक्केबाजी संघ से अश्वनी शाह और जी तेजेश ने कांस्य पदक जीता।



प्रतियोगिता में आदर्श यादव, दुर्गेश साहू, शुभम यादव, मुकुल बहादुर थापा ने भी जिले का प्रतिनिधित्व किया। प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में रंगनाथन कोच, बाल कृष्णन राव मैनेजर थे। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को जिला संघ ने बधाई दी। बधाई देने वालों में पूर्व विधायक अरुण वोरा, पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल, यशवंत कुमार, रंगनाथन, देवगिरी गोस्वामी, तेजेंद्र हिरवानी, अनिल गौतम, वीरेंद्र प्रधान आदि मौजूद थे।

### स्टेट सब जूनियर फिडे रेटेड शतरंज चैंपियनशिप 17 से

**भिलाई।** ऑल इंडिया चेस फेडरेशन के निर्देशन में छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ द्वारा खेल एवं युवा कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ शासन, अग्रवाल जन कल्याण समिति एवं अग्रवाल महिला समिति के सहयोग से जिला शतरंज संघ दुर्ग द्वारा सेक्टर 6 भिलाई स्थित अग्रसेन भवन में 17 से 20 जुलाई तक फिडे रेटेड शतरंज चैंपियनशिप आयोजित है। आईजी रामगोपाल गर्ग सुबह 11 बजे स्पर्धा का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर धरम चंद लुनिया, समाजसेवी कैलाश जैन बरमेचा, अनिल अग्रवाल, गायत्री अग्रवाल उपस्थित रहेंगे। अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत एवं सचिव तुलसी सोनी ने बताया कि स्पर्धा को फिडे द्वारा अंतराष्ट्रीय मान्यता प्रदान की गई है। स्टेट चैंपियनशिप में 210 प्रतिभागियों की रिकॉर्ड एंट्री दर्ज की गई है।

पूरे साल में कराए जाने वाले कामों की रूपरेखा की तय, 150 से ज्यादा सदस्य हुए शामिल

# रोटरी क्लब की नई कार्यकारिणी ने ली शपथ, यूनाइट फॉर गुड थीम को आत्मसात कर सामूहिक रूप से सामाजिक कार्य का लिया संकल्प

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** रोटरी क्लब की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह एक निजी होटल में आयोजित किया गया। आयोजन में क्लब से जुड़े 150 से ज्यादा मेंबर्स शामिल हुए। रोट्ररी थीम वर्ष 2025-26 यूनाइट फॉर गुड के साथ सेवा का संकल्प लिया गया।रोट्ररी क्लब भिलाई ग्रेटर का 27वां स्थापना समारोह इस दौरान मनाया गया। कार्यक्रम स्मृति नगर में सम्पन्न हुआ। इसमें नए अध्यक्ष, सचिव और बीओडी (बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स) की टीम ने शपथ ले कर कार्यभार ग्रहण किया। इस वर्ष के लिए रोटरी क्लब भिलाई ग्रेटर के अध्यक्ष संदीप अग्रवाल, सचिव निकेत मेहता, कोषाध्यक्ष सर्वेश अग्रवाल और उनकी टीम ने रोट्ररी इंटरनेशनल की थीम को आत्मसात करते हुए सामूहिक सेवा की भावना से समाज कल्याण के कई महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स की रूपरेखा प्रस्तुत की। समारोह में विशिष्ट अतिथियों का स्वागत और सम्मान किया गया, जिनमें डीजी अमित जायसवाल एवं फर्स्ट लेडी पल्लवी जायसवाल, पीडीजी शशांक रस्तोगी, असिस्टेंट गवर्नर निशा अग्रवाल, डीएसजी सोम अग्रवाल उपस्थित रहे।



#### नई कार्यकारिणी को पुराने से अनुभव लेकर काम करने की नसीहत

मुख्य अतिथियों ने अपने शब्दों द्वारा क्लब को अनुग्रहित किया। आगामी टीम एवं सभी सदस्यों को शुभकामनाएं दीं। पुराने पदाधिकारियों के अनुभन के आधार बेहतर काम करने की नसीहत दी। अध्यक्ष संदीप अग्रवाल ने पिछले वर्षों के सभी पास्ट प्रेसिडेंट का धन्यवाद किया, जिनके प्रयास से क्लब को नई पहचान बनाने में विशेष सहयोग रहा। संदीप अग्रवाल ने अपने संबोधन में आगामी रोटरी वर्ष के लिए प्रमुख योजनाएं साझा की, जिनमें स्वास्थ्य शिविर, शिक्षा सहायता, वृक्षारोपण अभियान, महिला सशक्तिकरण और युवा नेतृत्व विकास जैसे प्रोजेक्ट्स शामिल हैं। उन्होंने सभी सदस्यों से अपील की कि वे पूरे वर्ष एकजुट होकर सेवा कार्यों में सक्रिय रूप से भाग लें। रोटरी क्लब के संदेश की थीम को जन-जन तक पहुंचाएँ।

#### सामाजिक सेवाकार्य का लिया संकल्प, सामूहिक प्रयास पर जोर

समारोह में क्लब के सभी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। नए सत्र में समाज के लिए और भी अधिक सेवा कार्य करने का संकल्प लिया। स्थापना समारोह में क्लब के सभी सदस्यों द्वारा राष्ट्रीय गान भी गाया। कार्यक्रम में लगभग 140 लोगों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की जानकारी क्लब के मीडिया डायरेक्टर सजल जैन ने दी। उन्होंने बताया कि क्लब ने सामाजिक रूप से सेवाकार्य का संकल्प लिया है। इसके लिए सामूहिक रूप से प्रयास किया जाएगा। सभी मेंबर्स की सहभागिता रहेगी। इसके अलावा नियमित रूप से मासिक, तिमाही बैठक में कार्ययोजना पर चर्चा की जाएगी।

#### जरुरतमंदों की मदद के साथ चलाएंगे पौधारोपण अभियान

क्लब के नए पदाधिकारियों ने जानकारी दी कि उनके द्वारा नियमित रूप से सामाजिक कार्य किए जा रहे हैं। इस दिशा में और भी बेहतर कार्य करने का प्रयास किया जाएगा। जरुरतमंदों की मदद की जाएगी। स्कूलों में पठन सामग्री का वितरण किया जाएगा। पर्यावरण संतुलन के लिए पौधरोपण अभियान चलाया जाएगा। शासन-प्रशासन के साथ मिलकर सामाजिक उत्तरदायित्व से जुड़े कार्य किए जाएंगे। इसे लेकर पूरे साल की कार्ययोजना तैयार की गई है। इसका शेड्यूल जल्द जारी किया जाएगा।

## सिटी इवेंट

### मां-बेटी के रिश्ते में मिठास बनाए रखे सम्मेलन, सम्मानित भी किया गया



**दुर्ग।** विश्व हिंदू परिषद मातृशक्ति द्वारा मां-बेटी सम्मेलन का आयोजन किया गया। पंचवटी गंजपारा में आयोजित कार्यक्रम में 8 प्रखंड, खंड की माताएं, बहनें बड़ी संख्या में शामिल हुईं। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मां और बेटियों के बढ़ती दूरियों का सम्मान और स्नेह के साथ सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करना रहा। साथ ही सुरक्षा, आत्मनिर्भरता, सकारात्मक, पारिवारिक संवाद, स्वरोजगार के लिए जागरूक करना था। मां-बेटी के बीच विश्वास और मित्रता को मजबूत बनाने पर जोर दिया गया। यह संदेश दिया गया कि जब मां और बेटी एक दूसरे की सहेली बन जाती है, तो वे जीवन की हर चुनौतियों को साथ मिलकर पार कर सकती हैं। नारी हर रूप में सेवा करती हैं। अपने कर्तव्यों को पूरी निष्ठा से निभाती हैं। नारी किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से कम नहीं। मां-बेटी का रिश्ता केवल खून का नहीं विश्वास और संवाद का भी होता है। इस अवसर पर कुछ दिव्यांगजनों को 3 व्हीलचेयर प्रदान की गई। प्रांत अध्यक्ष संतोष गोलछा ने सहयोग किया। संगठन मंत्री जितेंद्र पवार, प्रांत मंत्री विभूति नारायण पांडे, नंदू राम, कन्हैया कुंदन, विभाग मंत्री अनिल गुर्जर, डॉ. मानसी गुलाटी सहित अन्य इस दौरान मौजूद थे।

■ पंचवटी गंजपारा में विश्व हिंदू परिषद मातृशक्ति का आयोजन

## ● आर्य समाज की अनोखी पहल, ऐसे पौधों को गोद लेकर वृक्ष बनने तक की जाएगी देखभाल

# सावन की महीने में बंटेगा 1100 से ज्यादा पौधों का प्रसाद रोपने के साथ लोगों को सहेजने का दिलाया जाएगा संकल्प

**दुर्ग।** आर्य समाज दुर्ग-भिलाई पहले से सावन में प्रकृति की उपासना और शिव की प्रार्थना एवं कल्याण की भावना से 1100 बिल्व, नीम आदि वृक्ष बांटे जाएंगे। आचार्य अंकित शास्त्री ने मंत्रपाठ किया। सावन सोमवार शिव उपासना को स्पष्ट करते हुए आचार्य डॉ. अजय आर्य ने बताया-शिव प्रकृति के आराध्य देव हैं। हमारी संस्कृति प्रकृति को जीवन का आधार मान करके उसके उपासना करती है। बरगद, पीपल आदि वृक्षों को इसलिए पूज्य माना गया है। यज्ञ की संस्कृति भी प्रकृति को पोषित करती है। शिव का अर्थ है कल्याण और मंगल। प्रकृति के बिना व्यक्ति का अस्तित्व नहीं है। प्रकृति के साथ संतुलन बनाकर के हमें विकास करना चाहिए। आज प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है कि हम पेड़ लगाकर प्रकृति की आराधना करें। महर्षि दयानंद ने सत्यार्थ प्रकाश में लिखा है कि परमात्मा के अनंत समर्थ के कारण उसका नाम भी अनंत है। जग का कल्याण करने के कारण परमात्मा का नाम शिव है। शिव के शरीर पर भस्म, जटाओं में गंगा, मस्तक पर चंद्रमा, गले में सर्प, और हाथ में डमरू, ये सभी प्रकृति से ही प्राप्त वस्तुएं हैं। इन प्रतीकों के माध्यम से शिव प्रकृति के साथ अपने गहरे संबंध को दर्शाते हैं। भगवान शिव हमें सिखाते हैं कि प्रकृति के साथ सामंजस्य में रहना, उसकी रक्षा करना और उसकी अनंत शक्तियों का सम्मान करना आवश्यक है। यह संदेश हमें प्रकृति को श्रृंगार करने और उसे संजोने की प्रेरणा देता है। छत्तीसगढ़ आर्य प्रतिनिधि सभा के मंत्री अवनी भूषण पुरंग ने कहा कि आर्य समाज प्रकृति और संस्कृति की रक्षा के लिए निस्वार्थ भाव से लगा हुआ है।





### आर्य समाज बांटेगा पौधे, खुद भी रोपेगा

आर्य समाज मंत्री प्रवीण गुप्ता उसने कहा कि आर्य समाज आचार्य भिलाई दुर्ग के क्षेत्र में सावन का असली प्रसाद बिल्व नील आदि के वृक्ष बांटेगा। ये वृक्ष आर्य समाज आर्य नगर एवं आर्य समाज सेक्टर 6 भिलाई से प्राप्त किया जा सकते हैं। आर्य समाज में निःशुल्क रूप से यह वृक्ष उपलब्ध हैं। विशेष परिस्थिति में आर्य समाज पौधों को घर तक पहुंचाने की भी व्यवस्था कर रहा है। पौधों के वितरण के साथ पौधे लगाने भी अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही लोगों से ऐसे पौधों को गोद लेकर वृक्ष बनने तक देखभाल करने का संकल्प भी दिलाया जा रहा है।

### गुजराती समाज और आर्टकॉम ने पौधारोपण कर लिया संकल्प



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ कि कला और पर्यावरण के प्रति समर्पित संस्था आर्टकॉम पिछले सात वर्षों से हर आंगन एक पेड़ अभियान के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण की दिशा में काम कर रही है। इस दौरान वृक्षारोपण, शुद्ध प्राण वायु (ऑक्सीजन) केमिकल रहित फल हेतु लोगों को जागरूक किया जा रहा है। संचालक निशु पाण्डेय नें भूमिगत जल स्तर कि चिंता करतें हुए इसे भी वैश्विक समस्या बताया। हर आंगन एक पेड़ और वाटर हार्वेस्टिंग अभियान चलाए जाने की जानकारी दी। गुजराती समाज के नेतृत्व में आर्टकॉम नें वृहद वृक्षारोपण किया गया। सेक्टर सात स्थित भवन में पौधों का रोपण तो किया और साथ में अपने निवास पर एक आम का पौधा लगाने और जल भूमिगत जल के संरक्षण हेतु वाटर हार्वेस्टिंग निर्माण का प्रण लिया। इस अवसर पर अमित भट्ट, स्मिता, प्रीति भट्टमयूर भट्ट, डॉ. अशोक त्रिवेदी, अनुराग ठाकर, संजय नथवानी उपस्थित थे। आर्टकॉम से रमेश श्रीवास्तव, नीलकमल सोनी, गुरनाम सिंह, श्रीनिवास मिश्रा, मेघा कौर, काजल साहा, रविंद्र देवांगन, शिव शंकर यादव, अंजय काचलवार, भास्कर तिवारी, मोहन राव ने सहभागिता निभाई।

## सिटी लाइव

### बौद्ध महासभा की आमसभा में रखा आय-व्यय का ब्योरा, प्रस्ताव पारित



**भिलाई।** भारतीय बौद्ध महासभा की वार्षिक आमसभा बैठक संस्था की अध्यक्ष सविता मेश्राम की अध्यक्षता में संपन्न हुई। महासचिव रामराव ढोक ने संचालन किया। सविता मेश्राम एवं पदाधिकारियों ने तथागत भगवान बुद्ध एवं परमपूज्य बाबासाहेब डॉ. आम्बेडकर के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर सामूहिक वंदना की। रामराव ढोक ने सभा के समक्ष संस्था में किए गए कार्यों का प्रतिवेदन पढकर सुनाया। कोषाध्यक्ष भागवत बागडे ने आय-व्यय का ब्योरा प्रस्तुत किया। इसे उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से पारित किया गया। संस्था के सचिव अशोक श्यामकुंवर एवं कार्यकारी सदस्य ज्ञानचंद टटेम्भूरकर ने पारित प्रस्ताव की जानकारी दी। बैठक में सदस्यों और पदाधिकारियों ने सुझाव दिए। प्रश्न पूछे, कुछ जानकारी मांगी। इसका जवाब संस्था के पदाधिकारियों ने दिया। बैठक के अंत में अध्यक्ष ने उपस्थित सभी का आभार प्रदर्शित करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। बैठक में उपाध्यक्ष विनोद वासनिक, प्रदीप सोमकुंवर सहित अन्य मौजूद थे।



## प्रतियोगिता आयोजित

### कसौंधन वैश्य समाज का बागेश्वर पूजा महोत्सव, सांसद हुए शामिल



**भिलाई।** कसौधन वैश्य समाज का बागेश्वर पूजा महोत्सव आयोजित किया गया। आयोजन में सांसद विजय बघेल मुख्य रूप से शामिल हुए। पंचमुखी भगवान शिवजी के बागेश्वर रूप की विधि-विधान से पूजा की गई। सामाजिक समागम में इंद्रधनुषी संस्कृति की छटा बिखरी। एमपी हॉल जुनवानी में आयोजित कार्यक्रम में बागेश्वर बाबा की मूर्ति स्थापना एवं मंत्रोच्चार के साथ पूजा की गई। इस अवसर पर प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इसमें गीत, नृत्य प्रतियोगिता में बच्चों ने अपनी प्रस्तुति दी। प्रदेश अध्यक्ष आशीष गुप्ता विशेष रूप से आयोजन में शामिल हुए। संरक्षक धनीराम गुप्ता को उनकी लिखित पुस्तक देवताओं के देवता ब्राह्मण देवता पर उन्हें शाल और श्रीफल से सम्मानित किया गया। सांसद विजय बघेल ने कहा कि कसौंधन वैश्य समाज एक संगठित समाज है। समाज का काम करना कितना महत्वपूर्ण होता है यह समझा जा सकता है। एक-एक लोगों को जोड़ना बहुत ही कठिन कार्य है। समाज संगठित होगा तो राष्ट्र मजबूत होगा।

#### समाज की मांग को पूरा करने सांसद ने दिया आश्वासन

सांसद ने समाज की मांग को पूर्ण करने का आश्वासन दिया। पूर्व अध्यक्ष शारदा गुप्ता ने कहा कि विगत 21 वर्षों से बागेश्वर कसौंधन वैश्य समाज निरंतर पूजा कार्यक्रम करते आ रहा है। मगर समाज के लिए समुचित हाल उपलब्ध ना होने के कारण सामाजिक कार्यक्रमों में हमेशा परेशानियों का सामना करना पड़ता है। संरक्षक धनीराम गुप्ता ने कहा कि लगभग हर समाज के पास अपना खुद का भवन है, मगर कसौधन वैश्य समाज के भवन ना होना हमारे लिए आत्मग्लानि का विषय है। पूर्वप्रदेश अध्यक्ष योगेश गुप्ता ने कहा कि अन्य जिलों में भी समाज के भवन लगभग बन चुके हैं ।केवल भिलाई जिले में ही समाज का भवन उपलब्ध नहीं है, जो हमारे लिए चिंता का विषय है। इंदौर से आए राष्ट्रीय महामंत्री ने कसौंधन वैश्य समाज को और जागरूक करने पर बल दिया। पूर्व अध्यक्ष नमीत गुप्ता ने मंच का संचालन किया। इस अवसर पर महिला अध्यक्ष नीतू गुप्ता ने सामूहिक भागीदारी पर जोर दिया।

## श्रद्धालुओं की आस्था

### बैजनाथ धाम के दर्शन को भक्तों का जत्था रवाना, स्टेशन में गूंजा बोलबम का जयकारा



**भिलाई।** सावन मास में बाबा बैजनाथ धाम दर्शन करने जाने वाले सैंकड़ो श्रद्धालुओं का जत्था मंगलवार को रेलवे स्टेशन दुर्ग से रवाना हुआ। इस दौरान स्टेशन में बोलबम का जयकारा लगा। इस अवसर पर ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर भी पहुंचे। उन्होंने श्रद्धालुओं को सफल यात्रा की हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि बाबा बैजनाथ धाम झारखंड में स्थित एक प्रमुख तीर्थ स्थल है, जो भगवान शिव को समर्पित है। सावन मास में यहाँ दर्शन करने का विशेष महत्व है। विधायक ललित चंद्राकर का यह कदम श्रद्धालुओं के प्रति उनके समर्थन और आस्था को दर्शाता है। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि बाबा बैजनाथ धाम में दर्शन करने से श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं पूरी होती हैं और वे सुख-शांति प्राप्त करते हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील की कि वे अपनी यात्रा के दौरान सुरक्षा और अनुशासन का पालन करें। गौरतलब है कि विधायक ललित चंद्राकर इससे पहले भी बाबा बैद्यनाथ धाम मंदिर में जलाभिषेक कर चुके हैं और जगत के कल्याण की कामना कर चुके हैं।

**विधायक ने श्रद्धालुओं को सफल यात्रा की दी शुभकामनाएं**

### शोधार्थी गोपाल राम को पीएचडी की उपाधि प्रदान की, हुए सम्मानित



**भिलाई।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग द्वारा शोधार्थी गोपाल राम को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। शोधार्थी का शोध विषय रायपुर संभाग के दिव्यांगजनों की आर्थिक स्थिति पर छत्तीसगढ़ सरकार की निःशक्त कल्याणकारी योजनाओं के प्रभाव का अध्ययन पर केंद्रित है। उनके शोध निदेशक डॉ. हंसा शुक्ला प्राचार्य स्वरूपानंद सरस्वती कॉलेज हुडको एवं सह शोध निर्देशक डॉ. रवीश कुमार सोनी सहायक प्राध्यापक कल्याण कॉलेज हैं। शोधार्थी के शोध कार्य के दौरान यह ज्ञात हुआ कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित निःशक्त कल्याणकारी योजनाएं प्रभावी रूप से संचालित हैं। दिव्यांगजनों को उचित लाभ मिल रहा है, जो कि एक सार्थक पहलू है।

## समाज इवेंट

### आंध्र स्वाभिमान एसोसिएशन के नए पदाधिकारियों ने ली शपथ



**भिलाई।** आंध्र स्वाभिमान एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष ए. दुर्योधन राव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष एम.वेंकट राव, महासचिव के. प्रसाद राव, उप महासचिव, पी. जगदीश राव, सचिव के. जंगमय्या राव, कोषाधिकारी एम. ईश्वर राव, कार्यसमिति सदस्य सी. एच. अप्पलस्वामी, डी. शंकर राव, शिव कुमार रायुडु , जे. श्रीनिवास राव को चुनाव अधिकारी के. उमाशंकर राव ने शपथ दिलाई। उन्हें निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान किया। दुर्योधन राव ने कहा कि संगठन को मज़बूत कर सामाजिक सांस्कृतिक एवं सेवा कार्य निरन्तर करने का संकल्प लिया जाना चाहिए। महासचिव के. प्रसाद राव ने बताया कि समाज के कमजोर परिवारो को सहयोग करने तथा पारंपरिक त्योहारों को हर्ष एवं उल्लास से मनाया जाने की बात कही। कोषाधिकारी एम. ईश्वर राव ने कहा कि समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों एवं खिलाड़ियों को प्रोत्साहन कर सामाजिक सेवा भावना से सम्मान किया जाएगा। सामाजिक आयोजन को सफल बनाने में एमएस राव, के नीलाधर, डी मोहन, डी चिन्ना राव, यू तुम्भनाधम, एन भास्कर, ए जगन्नाथ, वी गणेश, के आनंद सहित अन्य मौजूद थे।

## आयुक्त सुमित अग्रवाल ने व्यापारियों के साथ की बैठक

कार्नर न्यूज

# शहर को सिंगल यूज प्लास्टिक फ्री करने निगम चलाएगा अभियान व्यापारियों और शहरवासियों को जागरूक करने शुरू होगी मुहिम

**दुर्ग।** नगर निगम दुर्ग शहर को सिंगल यूज प्लास्टिक फ्री करने अभियान चलाएगा। इसके लिए व्यापारियों और शहरवासियों को जोड़कर मुहिम शुरू की जाएगी। लोगों को अलग-अलग माध्यमों से जागरूक किया जाएगा, जो व्यापारी इसके बाद भी सिंगर यूज प्लास्टिक का उपयोग करते पाए जाते हैं, उनसे जुर्माना वसूला जाएगा। इसके अलावा लोगों से अपील की जा रही है कि सिंगर यूज प्लास्टिक से पूरी तरह से तौबा कर लें। घर से सामान लेने निकले तो थैला लेकर निकलें। कोई भी व्यापारी प्लास्टिक का कैरी बैग देता है, तो उसे मना करे। इसकी तत्काल शिकायत निगम में करें। ऐसे अभियान की शुरुआत निगम करने जा रहा है।इसे लेकर निगम के अधिकारियों ने व्यापारियों के साथ बैठक की। उन्हें जानकारी दी गई कि नगर निगम ने इसे सख्ती से लागू करने के लिए तैयारी पूरी कर ली है।




#### घर से कपड़े का थैला लेकर निकलें

आयुक्त सुमित अग्रवाल ने कहा कि व्यापारियों से लेकर दुकानदारों को समझाइश देने आने वाले दिनों में लगातार अभियान चलाया जाएगा। लोगों से भी की अपील, घर से थैला लेकर निकलें आयुक्त ने शहर को लोगों से भी प्लास्टिक का इस्तेमाल नहीं करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि आम लोगो का सहयोग इस अभियान में सबसे कारगर साबित होने होगा। उन्होंने कहा कि लोग घरों से निकलते वक्त अपने साथ थैला लेकर निकलें। ताकि किसी भी सामान की खरीदी के लिए उन्हें दुकानदार से प्लास्टिक का कैरीबैग न मांगना पड़े। इसके अलावा आने वाले दिनों में जनप्रतिनिधियों के माध्यम से भी शहर के मुख्य हिस्सों से लेकर वार्ड क्षेत्रों में प्लास्टिक का इस्तेमाल बंद करने के लिए अभियान चलाया जाएगा।

#### छोटे व्यापारी न करें उपयोग, बड़े विक्रेता बेचते हैं तो दें जानकारी

आयुक्त ने कहा कि आप लोग इस पर अमल करें। छोटे व्यवसायियों से लेकर लोगों को से सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने अपील करें। आयुक्त ने बताया कि सिंगल यूज प्लास्टिक जैसे प्लास्टिक कैरी बैग तथा खान पान के लिए इस्तेमाल होने वाले प्लास्टिक की वस्तुएं, जिसमें कप, ग्लास, प्लेट, बाउल, चम्मच, प्लास्टिक चाकू, प्लास्टिक मिठाई के डब्बे लपेटने व पैक करने वाली प्लास्टिक की फिल्में,100 माईक्रान से कम मोटाई वाले पीव्हीसी बैनर, थर्माकोल, बोर्ड व सजावटी सामाग्री का विनिर्माण प्रतिबंधित हो चुका है।

#### व्यापारियों ने जागरुकता अभियान चलाने दी सहमति

बैठक में चेंबर आफ कॉमर्स के पदाधिकारी व व्यापारियों ने कहा कि शासन के निर्देश के अनुसार सिंगल यूज प्लास्टिक के विक्रय व उपयोग नहीं करने में पूरा सहयोग किया जाएगा। इसके अलावा जन जागरूकता रैली व अपील के माध्यम से लोगों तक भी इस संदेश को पहुंचाएंगे। बैठक में चेम्बर आफ कार्मस के पदाधिकारी सहित व्यपारियो ने बैठक का हिसा बनें। नगर निगम के बाजार विभाग ने इसे सख्ती से लागू करने के लिए तैयारी पूरी कर ली है। व्यापारियों से लेकर दुकानदारों को समझाइश देने आने वाले दिनों में लगातार अभियान चलाया जाएगा। बैठक में बाजार अधिकारी शुभम गोइर, ईश्वर वर्मा, शशिकांत यादव, प्रकाश सांखला, पवन बड़जात्या, मो अली हिरानी, लीला राम, सुखदेव पंजवानी, आशीष खण्डेवाल सहित अन्य मौजूद थे।

## सिटी स्पोर्ट्स

### जिला क्रिकेट संघ का ट्रायल जारी अंडर-19 के 166 ने लिया भाग



**रायपुर।** रायपुर जिला क्रिकेट संघ ने वर्ष 2026-27 हेतु सभी वर्गों के ट्रायल 11 जुलाई से शुरू कर दिए है। इसके पहले एक जुलाई से 07 जुलाई तक सभी वर्गो के खिलाडियों का पंजीयन किया गया। इसके उपरांत वर्गवार खिलाडियों का ट्रायल 11 जुलाई से प्रारंभ हो गया है।मंगलवार को आर डी सी ए इंडोर स्टेडियम, तेलीबांधा रायपुर में अंडर-19 वर्ग के लगभग 166 खिलाडियों का ट्रायल हुआ। ट्रायल 3 स्लॉट में लिया गया। पहला स्लॉट सुबह 8.30 बजे से प्रारंभ हुआ। खिलाडियों को क्रमशः प्रारंभिक बल्लेबाज, मध्यक्रम बल्लेबाज, तेज गेंदबाज तथा स्पिन गेंदबाज वर्ग में विभाजित कर ट्रायल लिया गया। 16 जुलाई को अंडर 19 वर्ग के खिलाडियों का ट्रायल जारी रहेगा, जो 3 स्लॉट में संपन्न होगा।

### टेटे संघ का कैलेंडर तय, कई जिलों में होंगी प्रतियोगिताएं



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ की वार्षिक आमसभा पंडरी, रायपुर में संपन्न हुयी। जिसकी अध्यक्षता रायपुर उत्तर के पूर्व विधायक एवं छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के अध्यक्ष कुलदीप जुनेजा ने की। बैठक में छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ की वार्षिक प्रतियोगिता के आयोजन एवं राज्य में टेबल टेनिस के प्रचार एवं विकास पर विस्तृत चर्चा हुयी। बैठक में वार्षिक प्रतियोगिता का कैलेण्डर निर्धारित किया गया जिसमें प्रथम राज्य रैंकिंग टेबल टेनिस प्रतियोगिता माह अगस्त में दुर्ग, द्वितीय राज्य रैंकिंग टेबल टेनिस प्रतियोगिता तथा प्रथम मास्टर्स राज्य रैंकिंग टेबल टेनिस प्रतियोगिता माह सितंबर में क्रमशः कोंडागांव एवं रायपुर, 23वीं छत्तीसगढ़ राज्य एवं अंतर जिला टेबल टेनिस प्रतियोगिता माह अक्टूबर में रायपुर, राज्य पैरा टेबल टेनिस प्रतियोगिता तथा द्वितीय मास्टर्स राज्य रैंकिंग टेबल टेनिस प्रतियोगिता माह नवंबर में रायपुर, तृतीय मास्टर्स राज्य रैंकिंग टेबल टेनिस प्रतियोगिता माह दिसंबर में रायपुर को आबंटित किया गया।

इसके साथ ही पिछले वर्ष आयोजित राज्य प्रतियोगिता के सफल आयोजन करने पर बिलासपुर जिला टेबल टेनिस संघ को प्रथम राज्य रैंकिंग टेबल टेनिस प्रतियोगिता हेतु स्मृति चिन्ह दिया गया। छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के अध्यक्ष कुलदीप जुनेजा ने छत्तीसगढ़ ओलम्पिक संघ के पर्यवेक्षक विजय अग्रवाल को ससम्मान मोमेंटो भेंट किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष शरद शुक्ला, संघ के पूर्व मुख्य सलाहकार डा. मानिक चटर्जी, छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष किशोर जादवानी, सुरेश चन्नावार, उपाध्यक्ष अनिल पुसदक, विनय बैसवाडे, गिरिराज बागड़ी, सचिव सार्थक शुक्ला, कोषाध्यक्ष सौरभ शुक्ला एवं पदाधिकारीगण, जिला संघों के अध्यक्ष एवं सचिव आदि उपस्थित थे। मंच संचालन सह सचिव प्रेमराज जाचक ने किया। उपरोक्त जानकारी छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के उपाध्यक्ष विनय बैसवाड़े ने दी।

### राज्य स्तरीय कुश्ती स्पर्धा में दम दिखाया नौजवानों ने




**रायपुर।** राज्य स्तरीय कुश्ती चयन प्रतियोगिता का आयोजन एमजी क्लब दुर्ग द्वारा 13 जुलाई को आयोजित किया गया था। प्रतियोगिता में बिलासपुर जिले के कुल 7 पहलवानों ने भाग लिया। राष्ट्रीय कुश्ती कोच सागर धीवर ने बताया कि बालक वर्ग के फ्रीस्टाइल कुश्ती के 57 किलोग्राम भार वर्ग में करण धीवर गोल्ड मेडल, 65 किलोग्राम भार वर्ग में रुपेश धीवर ने भी गोल्ड मेडल पर कब्जा जमाया। वहीं बालिका वर्ग में अंजली यादव ने 59 किलोग्राम भार वर्ग में गोल्ड मेडल जीती। पावनी यादव ने 62 किलोग्राम भार वर्ग में गोल्ड मेडल अपने नाम किया। फ्रीस्टाइल कुश्ती के ही 86 किलोग्राम में हर्ष सोनी ने सिल्वर मेडल, ग्रीको रोमन शैली में भागवत साहू ने भी सिल्वर मेडल जीते। जिले के टीम मैनेजर के रूप में उस्ताद विनोद सारथी एवं कोच सागर धीवर उपस्थित रहे। पहलवानों की इस जीत के अवसर पर सिद्ध पीठ गिरजा बंद हनुमान मंदिर अखाड़ा रतनपुर के संरक्षण महंत तारकेश्वर पुरी महाराज, गजेंद्र दुबे,अनिल यादव, शंकर राव मराठा और हर्ष पटेल जिला कुश्ती संघ के सचिव अध्यक्ष ने भी बधाई दी है।

#### बदलती लाइफ स्टाइल का सीधा असर होता है आपकी हड्डियों पर

# इन बातों पर कम उम्र से ही दिया ध्यान तो 'स्टील स्ट्रॉन्ग' बनी रहेंगी हड्डियां, उन्हें जरूर अपनाएं

आजकल के भागदौड़ भरे जीवन, फास्ट फूड की आदत, धूप से दूरी, घंटों बैठकर काम करना और व्यायाम की कमी की वजह से हड्डियों से जुड़ी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। कम उम्र में ऑस्टियोपोरोसिस, जोड़ों में दर्द, कमर और पीठ की तकलीफ आम हो गई है। इससे कैसे बचें? क्या आप जानते है कि हमारी हड्डियां हर दिन बदलती हैं? बचपन में ये तेजी से बढ़ती हैं, युवावस्था में मजबूत होती हैं और उम्र बढ़ने पर धीरे-धीरे कमजोर होने लगती हैं। यही कारण है कि 40 की उम्र आते-आते हड्डियों से संबंधित दिक्कतें आपको परेशान करने लग जाती हैं। अब तो कई मामले ऐसे भी देखे गए हैं जिनमें 20 की उम्र के लोग भी हड्डियों से संबंधित दिक्कतों से परेशान देखे जा रहे है। हड्डियों और दांतों को मजबूत बनाए रखने के लिए कैल्शियम सबसे जरूरी पोषक तत्व माना जाता है। इसके लिए कम उम्र से ही आहार में कैल्शियम से भरपूर चीजों- जैसे डेयरी उत्पाद, हरी पत्तेदार सब्जियों, मछलियों को जरूर शामिल किया जाना चाहिए।



### हड्डियों को कैसे बनाएं 'स्टील स्ट्रॉन्ग'?

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, आजकल के भागदौड़ भरे जीवन, फास्ट फूड की आदत, धूप से दूरी, घंटों बैठकर काम करना और व्यायाम की कमी की वजह से हड्डियों से जुड़ी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। कम उम्र में ऑस्टियोपोरोसिस, जोड़ों में दर्द, कमर और पीठ की तकलीफ आम हो गई है। खासकर महिलाओं और बुजुर्गों में यह खतरा ज्यादा देखा जाता है। लेकिन चिंता मत कीजिए, कुछ सरल आदतें अपनाकर और जरूरी पोषक तत्वों को अपने आहार में शामिल करके आप अपनी हड्डियों को 'स्टील स्ट्रॉन्ग' बनाए रख सकते हैं।

### प्रोटीन वाली चीजें खाएं

हड्डियों का मजबूत बनाए रखने के लिए कैल्शियम और विटामिन्स के साथ-साथ प्रोटीन वाली चीजें भी जरूरी हैं। हड्डियों के टिशू और मांसपेशियों की मरम्मत और वृद्धि में प्रोटीन मदद करता है। डेयरी उत्पाद, अंडे, नट्स, और बीन्स अच्छे प्रोटीन स्रोत हैं।इसके अलावा मैग्नीशियम हड्डियों में कैल्शियम के स्तर को नियंत्रित करता है और पोटैशियम हड्डियों में मिनरल्स को बनाए रखने में मदद करता है। ये तत्व हरी पत्तेदार सब्जियों, नट्स, और फलियों में मिलते हैं।

### हड्डियों की मजबूती के लिए क्या खाएं

हड्डियों को मजबूत बनाए रखने के लिए कैल्शियम वाली चीजें जैसे दूध, दही, पनीर और छाछ, हरी पत्तेदार सब्जियां जैसे ब्रोकली और पालक, सोया और टोफू के साथ मछलियों को आहार का हिस्सा जरूर बनाएं। इसके साथ कैल्शियम के अवशोषण को बढ़ाने के लिए फैटी फिश, अंडे की जर्दी और मशरूम का सेवन करना चाहिए। विशेषज्ञों ने बताया बेहतर स्वास्थ्य और मजबूत हड्डियों के लिए कैल्शियम और विटामिन-डी का संतुलन बनाकर रखा जाना चाहिए।





### हड्डियों को मजबूत रखने के लिए इन बातों का भी ध्यान रखें

विटामिन-डी के बिना शरीर कैल्शियम का सही से उपयोग नहीं कर पाता। इसके लिए रोज सुबह की धूप (10-15 मिनट) लें या डॉक्टर की सलाह से सप्लीमेंट्स लें। अधिक कैफीन और कोल्ड ड्रिंक्स कैल्शियम के अवशोषण में बाधा डालते हैं। इनका सेवन सीमित रखें। स्मोकिंग और अल्कोहल, दोनों ही हड्डियों को कमजोर करने वाले सबसे बड़े दुश्मन हैं। इससे बोन डेंसिटी तेजी से गिरती है। बहुत ज्यादा या बहुत कम वजन दोनों ही हड्डियों को नुकसान पहुंचा सकते हैं। संतुलित वजन हड्डियों को स्वस्थ रखने के लिए जरूरी है।





## सिर्फ मसल्स बनाने ही प्रोटीन की जरूरत नहीं और भी हैं इसके काम

हम सभी प्रोटीन के बारे में जानते हैं। प्रोटीन मसल्स, स्किन, बालों और नाखूनों के साथ-साथ एंटीबॉडीज, हार्मोन और सेलुलर स्ट्रक्चर्स का एक महत्वपूर्ण कंपोनेंट है। विज्ञान यह कहता है कि कोई भी व्यक्ति यह सुनिश्चित नहीं कर सकता कि वो कितना कार्बोहाइड्रेट कंज्यूम सकता है। इस मामले में प्रोटीन सबसे आम मैक्रोन्यूट्रिएंट के रूप में सामने आता है।

हम में से ज्यादातर लोग जानते हैं कि प्रोटीन केवल मसल्स के डेवलपमेंट में मदद करता है। हमारा शरीर प्रोटीन को अमीनो एसिड में तोड़ देता है और मसल्स के रिस्टोरेशन और रिकंसट्रक्शन के लिए अमीनो एसिड का उपयोग करता है। लेकिन कई लोगों का यह मानना है कि प्रोटीन सिर्फ मसल्स के निर्माण से ज्यादा कुछ नहीं करता है।

प्रोटीन तीन प्राइमरी फूड ग्रुप्स में से एक है और अमीनो एसिड से बना है, जो रबिल्डिंग ब्लॉक्सर सेल्स के रूप में काम करता है। इन सेल्स को अपने विस्तार और मरम्मत के लिए प्रोटीन की आवश्यकता होती है। अपनी डाइट में प्रोटीन जोड़ने के कुछ नैचुरल सोर्स भी हैं। मछली, मुर्गी, अंडे,



फलियां और डेयरी प्रोडक्ट जैसे खाद्य पदार्थ प्रोटीन से भरे होते हैं और इन्हें हम अपनी डेली डाइट में शामिल कर सकते हैं। हम आपको कुछ जबरदस्त प्रोटीन रिच स्नैक्स के बारे में बताने जा रहे हैं प्रोटीन मसल्स के लिए बेहद फायदेमंद है। यह महत्वपूर्ण घटक आपके शरीर ये जुड़े सभी दैनिक कार्यों और उपयोगों के लिए आवश्यक है। आपको कितनी मात्रा में प्रोटीन का सेवन करना चाहिए या नहीं करना चाहिए, इस बारे में मिथकों और धारणाओं के बावजूद, आपको अपने प्रोटीन इनटेक का बाकी न्यूट्रिशनल इनटेक के साथ मिलान करना महत्वपूर्ण है। बहुत से लोग प्रोटीन को मसल्स मास के साथ भी जोड़ते हैं। प्रोटीन और अमीनो एसिड आपके शरीर में मसल्स के टिश्यूज का निर्माण करते हैं। साधारण भाषा में कहें तो यदि आपकी मसल्स एक इमारत हैं, तो ईंटें प्रोटीन हैं। आपका शरीर कई प्रकार के अमीनो एसिड का निर्माण करता है। लेकिन 9 अन्य आवश्यक अमीनो एसिड भी होते हैं और उनका निर्माण शरीर में नहीं होता है। बीन्स, नट्स और सोया जैसे फूड प्रोडक्ट्स से आपको ईएए मिलता है। मिश्रित अमीनो एसिड युक्त डाइट मसल्स के प्रोटीन के उत्पादन को अधिकतम करने में मदद कर सकती है। ल्यूसीन नामक अमीनो एसिड कई एनाबॉलिक (मांसपेशियों के निर्माण) प्रक्रियाओं के लिए जिम्मेदार है। इसे रल्यूसीन ट्रिगर सिद्धांतर के रूप में जाना जाता है, क्योंकि उचित मात्रा में ल्यूसीन लेना मसल्स के प्रोटीन प्रोसेस को ट्रिगर करता है। मसल्स के निर्माण में प्रोटीन विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि अमीनो एसिड (प्रोटीन बिल्डिंग ब्लॉक्स) मसल्स के टिश्यूज के पुनर्निर्माण और बनाए रखने में मदद करते हैं। वर्कआउट के बाद प्रोटीन आपको एक्सरसाइज से ठीक होने में मदद करता है, क्योंकि एक्सरसाइज के दौरान मसल्स थोड़ी फट जाती हैं। लेकिन आपके लिए यह जानना भी आवश्यक है कि केवल ज्यादा प्रोटीन खाने का मतलब यह नहीं है कि आप मसल्स को जोड़ने जा रहे हैं। आपको एक्सरसाइज और वेट ट्रेनिंग के साथ-साथ फलों, सब्जियों और कार्बोहाइड्रेट वाली स्वस्थ और संतुलित डाइट की आवश्यकता होती है।



## सब्जी में हो गया ज्यादा तेल तो कटोरी वाला हैक आएगा काम

अक्सर जब हम सब्जी या ग्रेवी बनाते हैं, तो अंदाजे से डाला गया तेल पकने के बाद ज्यादा दिखने लगता है। सब्जी में तेल ऊपर से दिखने लगे, तो उसे खाने का मन किसी का भी नहीं करेगा। सब्जी का स्वाद खराब किए बिना आप उसमें तेल को निकाल सकती हैं।

### कटोरी वाला हैक

यह सोशल मीडिया पर वायरल हो चुका एक बेहद स्मार्ट और आसान हैक है, जिसे आप ग्रेवी वाली सब्जियों से तेल बगैर किसी हाई-फाई टूल कर सकती हैं।

**कैसे करें:** जब आपकी सब्जी या ग्रेवी पूरी तरह पक जाए और ऊपर तेल की एक परत तैरने लगे, तो एक छोटी स्टील या एल्यूमीनियम की कटोरी लें।

इस कटोरी को उल्टा करके धीरे-धीरे सब्जी के ऊपर रखें और हल्का-सा दबाएं।

उल्टी कटोरी की बाहरी सतह पर तैरता हुआ तेल चिपकने लगता है और कुछ ही सेकंड में आपको उसका असर दिखने लगेगा। लगभग 10–15 सेकंड बाद कटोरी को निकालें और एक कटोरी या प्लेट में वह तेल गिरा दें। यह प्रक्रिया तब तक दोहराएं जब तक कि एक्सेस ऑयल हट न जाए। अगर आप कटोरी को पहले कुछ मिनटों के लिए फ्रिज में ठंडा कर लें, तो उसका ठंडा मेटल तेल को और तेजी से खींच लेता है। इससे यह ट्रिक और कारगर हो जाती है।

### बर्फ से हटाएं एक्सेस ऑयल

अगर आप कटोरी का झंझट नहीं करना



चाहते हैं, तो कोई बात नहीं। आप फ्रिज से आइस क्यूब्स लेकर उसका इस्तेमाल कर सकती हैं। यह भी उपयोगी हैक है-

**कैसे करें:** एक साफ मलमल या कॉटन के कपड़े को लें और उसमें 2–3 बर्फ के टुकड़े लपेटें। अब इस बर्फ-लपेटे कपड़े को सब्जी की सतह पर हल्के-हल्के चलाएं।बर्फ की ठंडक से ऊपर तैर रहा तेल धीरे-धीरे जमने लगता है और कपड़े से चिपक जाता है। आप देखेंगे कि सब्जी के ऊपर तेल नहीं तैरेगा।

### पेपर टॉवल ट्रिक से हटाएं तेल

अगर आपके पास कम समय है और सब्जी पर तेल बहुत ज्यादा है, तो यह सबसे तेज और आसान तरीका है। आप तेल निकालने के लिए पेपर टॉवल का उपयोग कर सकते हैं।

## किचन में टाइल्स लगाने से पहले लें वास्तु की सलाह, घर में रहेगी बरकत

घर की किचन में टाइल्स के कलर को लेकर कन्फ्यूज हैं, तो ऐसे में आप वास्तु के अनुसार कलर चुनें। इससे आपकी घर का वास्तु अच्छा बना रहेगा। साथ ही, आपके घर में बरकत बनी रहेगी।



बेज कलर की टाइल्स को किचन में लगवाएं

आप अपनी किचन के वास्तु को अच्छा रखना चाहते हैं, तो ऐसे में आप बेज कलर का ज्यादा इस्तेमाल करें। ऐसा इसलिए क्योंकि इस रंग से आपकी किचन में लाइट बनी रहती है। साथ ही, आपकी किचन में पॉजिटिव एनर्जी बनी रहती है। इसलिए आपको ज्यादातर इस कलर की टाइल्स का इस्तेमाल करें। इसमें आप लाइट कलर का इस्तेमाल अच्छे से करें।

### ब्राउन कलर की टाइल्स लगाएं

किचन के वातावरण को पॉजिटिव बनाने के लिए आप ब्राउन कलर की टाइल्स का इस्तेमाल कर सकते हैं। ब्राउन कलर की टाइल्स से आपके घर का वातावरण बदल जाएगा। साथ ही, रंगों को देखकर आपके घर में बने खाने से हर किसी का मन अच्छा लगेगा। इसके लिए आप लाइट ब्राउन कलर या ऑफ ब्राउन कलर को चूज करें। इससे आपकी किचन का ओरा बदल जाएगा।

### किचन में टाइल्स लगाते समय किन बातों का रखें ध्यान

इसके लिए सही कलर को चूज करना है, ताकि आपके घर की किचन का वातावरण सही रहे। जब भी किचन में टाइल्स लगाएं तो एक ही रंग की लगाएं। टाइल्स को हमेशा प्लेन डिजाइन में खरीदें, ताकि आपकी किचन अच्छी लगे। साथ ही, आपके घर का वातावरण अच्छा बना रहे। इन कलर्स के टाइल्स को लगाने के बाद आपकी किचन में पॉजिटिविटी बनी रहेगी।

कार्नर न्यूज

#### मानसून में डेट को यादगार बनाने कुछ बातों का रखें ध्यान

# बारिश में डेट पर जाने से पहले जान लें कुछ जरूरी बातें, वरना रोमांस की जगह झेलनी होगी परेशानी

चाहें पहली डेट हो या कई बार मिल चुके हों, मानसून की एक छोटी सी तैयारी आपकी मुलाकात को यादगार बना सकती है। इसलिए अगर आप भी बारिश में डेट पर जाने की सोच रहे है, तो कुछ बातें जरूर ध्यान रखें। बारिश का मौसम प्यार और रोमांस के लिए सबसे प्यारा मौसम माना जाता है। कितना अच्छा हो न कि हल्की-हल्की फुहारें, भीगी हवा और चाय की चुस्की के साथ एक खास शख्स का साथ मिल जाए। लेकिन ये रोमांटिक सीन तभी खूबसूरत लगता है जब आप थोड़ा तैयार होकर जाएं। वरना बारिश की गड़बड़ी और कपड़ों की झिझक रोमांस को शर्मिंदगी में बदल सकती है। चाहें पहली डेट हो या कई बार मिल चुके हों, मानसून की एक छोटी सी तैयारी आपकी मुलाकात को यादगार बना सकती है। इसलिए अगर आप भी बारिश में डेट पर जाने की सोच रहे है, तो ये बातें जरूर ध्यान रखें।



### सही कपड़ों चुनें

बारिश में भारी और ट्रांसपेरेंट कपड़े पहनना ठीक नहीं होता है। हल्के रंगों और कॉटन के बजाय सिंथेटिक या जल्दी सूखने वाले फैब्रिक चुनें। लड़कियों के लिए पलाज़ो या लॉन्ग कुर्ती और लड़कों के लिए ट्राउजर या नायलॉन जींस बेहतर रहेगी।



### वॉटरप्रूफ फुटवियर पहनें

बारिश में रोमांस तभी रहेगा जब आप फिसलेंगे नहीं। चमड़े के जूते या हील्स की जगह फ्लैट्स, स्नीकर्स या रबर सैंडल्स पहनें। बारिश में ये पहनने में सहज और आरामदायक होते हैं।

### छाता या रेनकोट न भूलें

कभी भी रबस हल्की बारिश हैर सोचकर घर से न निकलें। एक स्टाइलिश छाता या कॉम्पैक्ट रेनकोट साथ रखें।ये आपको भी बचाएगा और रोमांटिक पल भी बना सकता है!

### डेट के लिए सही जगह

खुली छत या सड़क किनारे कैफे मानसून में रोमांटिक जरूर लगते हैं, लेकिन अचानक आई तेज बारिश से मूड बिगड़ सकता है। इसलिए ऐसी जगह चुनें जो बारिश प्रूफ और कम भीड़ वाली हो।



